# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, मंगलवार, 9 दिसंबर 2025
संवत 2082, पौष कृष्णपक्ष 5 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 90 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ भारत की विकास की गति बाहरी रेटिंग से अधिक टिकाऊ

बेटी के जन्म के 5 महीने बाद काम पर लौटीं कियारा डेनिम शॉर्ट्स में दिखा न्यू मॉम का बोल्ड अवतार ◀◀ 6


झारखंड शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई

# दुमका में नवीन पटवारी के आवास पर छापेमारी

## विनय चौबे से जुड़े श्रवण जालान के रिश्तेदार के घर पर एसीबी की रेड

**संवाददाता**



**दुमका :** झारखंड शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दुमका में बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार की सुबह एसीबी की एक टीम विनय चौबे के करीबी माने जा रहे व्यवसायी श्रवण जालान के एक करीबी रिश्तेदार नवीन पटवारी के आवास पर छापेमारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, नवीन पटवारी और उनके तीन भाई इसी आवास में रहते हैं। कार्रवाई के दौरान पटवारी के आवास के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है और आवास के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई है।

सुरक्षा को इतना सख्त रखा गया है कि मीडियाकर्मियों की एंट्री पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दी गई है। मौके पर मौजूद अधिकारी भी किसी भी तरह की जानकारी देने से इनकार कर रहे हैं।

एसीबी रेड के दौरान नहीं मिले थे श्रवण जालान : विनय चौबे के करीबी और रांची के चर्चित व्यवसायी श्रवण जालान के घर व ऑफिस में एसीबी ने सोमवार को छापेमारी की थी। इस दौरान एसीबी को अलग-अलग कंपनी के दो-तीन मोबाइल फोन और जमीन से संबंधित दस्तावेज के अलावा कुछ डिजिटल साक्ष्य मिले हैं। एजेंसी फिलहाल मोबाइल फोन और डिजिटल साक्ष्य को खंगालने में जुटी हुई है।

छापेमारी के दौरान श्रवण जालान अपने आवास पर मौजूद नहीं थे। जब तक रेड चलती रही, तब तक वह अपने घर और कार्यालय नहीं आए। ऐसे में अब एसीबी उन्हें नोटिस जारी कर सकती है। आशंका जताई जा रही है कि एसीबी जल्द ही श्रावण जालान को पूछताछ के लिए समन जारी करेगी।

जिस मामले में श्रवण जालान के ठिकानों पर रेड हुई है, वह विनय चौबे से जुड़ा शराब घोटाला केस है। एसीबी को इस बात की जानकारी मिली है कि विनय चौबे ने अपनी अवैध कमाई का एक बड़ा हिस्सा श्रवण जालान के माध्यम से अलग-अलग जगहों पर इन्वेस्ट किया है।

इससे पहले एसीबी की टीम ने रविवार को विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता से 10 घंटे तक पूछताछ की थी। इसके साथ ही एजेंसी ने विनय चौबे के करीबी विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह की तलाश में बिहार के लखीसराय में भी छापेमारी की थी।

# एसआईआर में बाधा डालने वालों की खैर नहीं, सुप्रीम कोर्ट सख्त

## बीएलओ की मौत का भी याचिका में उठाया गया मुद्दा



**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बीएलओ को धमकाने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में बाधा उत्पन्न करने के मामले को गंभीरता से लिया। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची के एसआईआर कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग न करने को गंभीरता से लेने को कहा है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आयोग से मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया के कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा। पीठ ने आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा कि बीएलओ के काम में सहयोग की कमी और बाधाओं के मामले हमारे संज्ञान में लाएं, हम उचित आदेश पारित करेंगे। द्विवेदी ने कहा कि अगर स्थिति बिगड़ती है तो आयोग के पास राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली पुलिस को अपने अधीन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

## जंगली हाथी ने महिला को कुचल कर मार डाला



**खूंटी:** जिले में जंगली हाथियों ने देर रात रनिया प्रखंड के डिग्री डाहटोली गांव में 60 वर्षीय महिला मरियम कोंगाड़ी पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, देर रात हाथियों का झुंड गांव में बने खलिहानों में रखा धान खाने पहुंचा था। इसी दौरान आवाज सुनकर जब मरियम कोंगाड़ी बाहर निकलीं, तो झुंड में शामिल एक हाथी ने उन पर हमला कर दिया। हमले की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका क्षेत्र के पड़हा राजा पुजार कोंगाड़ी की पत्नी थीं। सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक हाथी आसपास के खेतों में रखे धान को रौंदते हुए जंगल की ओर लौट चुके थे। हाथियों ने खेतों में खड़ी फसलों और खलिहानों में रखे अनाज को काफी नुकसान पहुंचाया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और परिजनों को तत्काल राहत के तौर पर 30 हजार रुपये की सहायता राशि सौंपी।




न्यूज IN ब्रीफ

## अनियंत्रित होकर पलटी बाइक , युवक गंभीर ,रेफर



**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में सोमवार शाम सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना हंटरगंज डुमरिया मुख्य पथ पर सतघरवा मोड़ के पास हुई, जहां तेज रफ्तार एक बाइक बेकाबू होकर पलट गई।घायल युवक की पहचान बिहार के गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम धमना गांव निवासी कपिलदेव विश्वकर्मा के 20 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। तिलहेत पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रामबाबू ने तत्काल 108 की सूचना दी। 108 एंबुलेंस की मदद से घायल नीतीश कुमार को इलाज के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने सिर में गंभीर चोट रहने के कारण गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार बताया जा रहा है कि युवक की स्थिति चिंताजनक है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक हंटरगंज बाजार से अपने गांव जा रहा था। सतघरवा मोड़ के समीप तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क के बीचो-बीच पलट गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सिविल सर्जन सभागार में एकदिवसीय बैठक, दिया गया प्रशिक्षण



**चतरा :** सोमवार को सिविल सर्जन सभागार में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में इटखोरी प्रतापपुर हंटरगंज के सभी सीएचवो एमपीडब्ल्यू को मलेरिया संबंधित प्रशिक्षण दिया गया जिसमें भी बी डी कंसलटेंट अभिमन्यु कुमार, आईडीएसपी डॉक्टर आशुतोष कुमार, आशीष राज, प्रदीप कुमार एफएलए, रणजीत मिश्रा, आशुतोष कुमार उपस्थित रहे।

## बरसलोया में जतरा मेला में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

कोलेबिरा : प्रखंड क्षेत्र के बरसलोया में युवा क्लब संघ बरसलोया के द्वारा सोमवार को सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक जतरा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना,विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली व अन्य अतिथि के रूप में बरसलोया पंचायत के मुखिया संदीप सद मुंडा,लुंदरु पहान,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे,प्रखंड सचिव बिरिश डुंगडुंग, प्रखंड उपाध्यक्ष एल्विन समद,युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष दीलीप बाः,प्रखंड उपाध्यक्ष दशरथ नायक उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथियों का पारंपरिक ढोल नगाड़े की थाप पर झूमते नाचते गाते हुए मंच तक लाया गया तत्पश्चात महिला मंडल समूह के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर तथा मेला समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा शोल ओढ़ाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। जतरा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि अन्य अतिथि व समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काट कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्र के लोकप्रिय गायक रुपेश बड़ाइक ने भक्ति वंदना कर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने युवा क्लब संघ बरसलोया समिति और तमाम बरसलोया क्षेत्र वासियों को जतरा मेला की शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि जतरा मेला सामाजिक एकता,सांस्कृतिक उत्सव और भाईचारे का प्रतीक है।ग्राम वासियों से आपसी सहयोग और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।जतरा सिर्फ मेला नहीं यह हमारी संस्कृति है।श्री कंडुलना ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी परंपरा गांव में बसती है और हमारे पूर्वजों की देन है कि इस प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।यह मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि हमारी परंपराओं,विश्वासों एवं समृद्ध संस्कृति का एक हिस्सा है,जो विविधता में एकता का अमिट संदेश देता है।उन्होंने कहा कि परंपरा और संस्कृति हमारी माटी से जुड़ी है।मेला के माध्यम से हम सभी एकजुट होकर खुशियां मनाते हैं इससे आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है।इस तरह का आयोजन लगातार होते रहे हम और हमारी झामुमो पार्टी आप लोगों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। ग्रामीणों से अपील है क्षेत्र में कोई भी समस्या हो हमसे जरूर संपर्क करें हम यथासंभव आप सबों का सहयोग करेंगे।

विशिष्ट अतिथि झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली ने जतरा मेला सुंदर,बेहतर और भव्य आयोजन के लिए मेला समिति के तमाम पदाधिकारी,सदस्यों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बरसलोया गांव हमारा अपना गांव है हर सुख दुख में हम गांव वासियों के साथ हैं।जतरा मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत है,यह हमारी परंपरा है जो हमारे क्षेत्र में सदियों से चली आ रही है।उन्होंने कहा कि परंपरा और संस्कृति हमारी माटी से जुड़ी है।हम सब एक साथ मिलजुलकर यह परब मनाते हैं और खुशियां साझा करते हैं। ऐसे आयोजन करने से हमारी कला, संस्कृति और परंपरा को बचाने में मदद मिलती है।इसे हम सबको जीवंत रखना है।हम सब आपके साथ हैं,मेला आयोजन के लिए ढेरों शुभकामनाएं।सांस्कृतिक कार्यक्रम में म्यूजिकल ग्रुप गुमला भूमि झारखंड व झारखंड नागपुरी जगत के मशहूर कलाकार गायिका बसंती देवी,सरिता बड़ाइक, मुन्नी देवी,गायक दीलिप गोप,रूपेश बड़ाइक राजेश नायक,डांसर खुशबू कुमारी और सपना कुमारी के द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।डांसर खुशबू कुमारी और सपना कुमारी के द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया वहीं सरिता बड़ाइक,दीलिप गोप और रूपेश बड़ाइक ने बेहतरीन ठेठ नागपुरी गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में दर्शक बंधु और मेला प्रेमी शामिल हुए और कार्यकर्म का लुफ्त उठाया।मंच संचालन सूरज पंडा और जितेंद्र साहू ने किया। जतरा मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा क्लब संघ बरसलोया के अध्यक्ष सुनिल सिंह,नितेश दास,सचिव फुलजेम्स केरकेट्टा,सुरज पंडा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र साहू,राजेश नायक और संरक्षक बरसलोया पंचायत के मुखिया संदीप सद मुंडा,कुलदीप गोप हरिहर सिंह,संगम साहू,सिरनुस डुंगडुंग,सुभाष नायक के अलावा कमेटी के तमाम पदाधिकारी,सदस्य गणों और ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री का मास्टर स्ट्रोक

# धान पर एमएसपी के साथ मिलेगा बोनस, 48 घंटे में होगा भुगतान



**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित हुई, जिसमें सरकार ने किसानों, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। धान अधिप्राप्ति के लिए 48 करोड़ 60 लाख रुपये की स्वीकृतिः सरकार ने एक बार फिर किसानों को राहत देते हुए धान अधिप्राप्ति के लिए 48 करोड़ 60 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। कैबिनेट के इस फैसले को कृषि क्षेत्र में बड़ा मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। सरकार के निर्णय के अनुसार, अब किसानों को प्रति क्विंटल धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2450 रुपये मिलेगा, जिसमें 100 रुपये बोनस भी शामिल हैं। साथ ही, 2025-26 से लागू होने वाली राज्य धान अधिप्राप्ति योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। इस योजना के तहत किसानों को 48 घंटे के अंदर एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। किसी विशेष परिस्थिति में भुगतान एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से कर दिया जाएगा। इसके अलावा, प्रक्रिया को और पारदर्शी और तेज बनाने के लिए टू-जी मशीनों की जगह अब आधुनिक फोर-जी पॉश मशीनें लगाई जाएंगी।

लातेहार जिले में दो नए डिग्री कॉलेजों को मंजूरीः कृषि क्षेत्र के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र के लिए भी महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। लातेहार जिले के बालूमाथ और चतरा जिले के सिमरिया (सिमरिया/चतरा) में दो नए डिग्री कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी गई। बालूमाथ डिग्री कॉलेज के लिए 78 करोड़ 42 लाख रुपये तथा चतरा के डिग्री कॉलेज के लिए 34 करोड़ 62 लाख 10 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा, रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंगीभूत कॉलेजों में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों के पुनर्गठन को भी हरी झंडी मिली है। संस्कृति कॉलेजों में उप शास्त्री और शास्त्री स्तर पर पंचम, छठा और सातवां वेतनमान लागू करने का निर्णय भी कैबिनेट में पारित हुआ। इससे संबंधित कॉलेजों के शिक्षकों और कर्मचारियों को लंबे समय से लंबित वेतनमान का लाभ मिलेगा। इंटर्न विद्यार्थियों के स्टाइपेंड में भारी बढ़ोतरीः स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कैबिनेट ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। गोड्डा राजकीय होम्योपैथिक विश्वविद्यालय के इंटर्न विद्यार्थियों के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें 10 हजार रुपये की जगह 17,500 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। वहीं, रिम्स के 15 सहायक प्राध्यापकों को प्रोन्नति देकर प्राध्यापक के पद पर नियुक्त किया गया है। यह प्रोन्नति 1 जुलाई 2019 से प्रभावी मानी जाएगी। कुल मिलाकर कैबिनेट बैठक में पारित 33 प्रस्ताव विभिन्न क्षेत्रों में विकास और सुधार की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।

## जेएसएससी सीजीएल का रिजल्ट घोषित, 1932 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएल) 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया है। उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने रोल नंबर के माध्यम से रिजल्ट पीडीएफ में चेक कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए झारखंड के विभिन्न विभागों में कई रिक्त पदों को भरा जाएगा। आयोग ने सीजीएल परीक्षा के आधार पर 2025 खाली पदों में से 1932 उम्मीदवारों के नाम अंतिम रूप से तय कर लिए हैं। आयोग के अनुसार, 10 उम्मीदवारों के परिणाम अस्थायी रूप से रोक दिए गए हैं, क्योंकि हाई कोर्ट के निर्देश पर इनसे जुड़े मामलों की जांच एसआईटी द्वारा जारी है।

एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट के बाद ही इन अभ्यर्थियों को लेकर अगला फैसला लिया जाएगा। अदालत ने निर्देश दिया कि आयोग अपना परिणाम जारी करे और राज्य सरकार का कार्मिक विभाग चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाए।

रुके हुए परिणाम और दस्तावेजों के आधार पर संशोधनः कुछ उम्मीदवारों का परिणाम इस समय इसलिए रुका हुआ है क्योंकि उनके जरूरी प्रमाण-पत्र या दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं या सही नहीं हैं। उम्मीदवार जब ये दस्तावेज आयोग को उपलब्ध कराएंगे, तो उनके परिणाम में बदलाव हो सकता है। ऐसे बदलाव के दौरान चयनित उम्मीदवारों के पद या कोटि में भी परिवर्तन संभव है।

आयोग को अधिकार है कि प्रकाशित परिणाम में कोई भी गलती या टाइपिंग की भूल सुधार सके। कोटि-वार अंतिम चयनित उम्मीदवारों के अंक और अंक पत्र आयोग की वेबसाइट पर सभी पदों के अनुसार जारी किए जाएंगे। बाकी शेष पदों के लिए परिणाम जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा।

## आईटीआई कॉलेज की महिला कर्मी ने प्रभारी प्राचार्य पर लगाया छेड़खानी का आरोप



**संवाददाता**

**चतरा :** शहर के किशुनपुर मोहल्ला में संचालित आईटीआई कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णदेव राम के द्वारा कॉलेज की एक महिला कर्मचारी के साथ छेड़छाड़ करने का एक सनसनी खेज मामला सामने आया है। आईटीआई कॉलेज की कंप्यूटर ऑपरेटर किरण कुमारी ने महिला थाना में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णदेव राम पर छेड़खानी करने का मामला दर्ज कराया है। महिला के आवेदन के आधार पर प्रभारी प्राचार्य कृष्ण देव राम के विरुद्ध कांड संख्या 32 / 2025 के तहत अंडर सेक्शन 74 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना को दिए आवेदन में महिला कर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर किरण कुमारी ने बताया है कि प्रभारी प्राचार्य कृष्ण देव राम पिछले कुछ माह से लगातार उनके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दे रहा था। किसी ना किसी बहाने से प्राचार्य उसे अपने कार्यालय में बुलाते थे और उसके साथ गलत नीयत से छूने का प्रयास करते थे। बीते दो दिसंबर को जब वह कॉलेज पहुंची तो वहां प्राचार्य कृष्ण देव राम ने उसे अब्सेंटी लेकर अपने चेंबर में बुलाया। जब वह अब्सेंटी लेकर उनके चेंबर में पहुंची तो प्राचार्य ने उनका हाथ पड़कर उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा। वह किसी तरह उनका हाथ छुड़ाकर बाहर निकाली और कॉलेज कर्मी अभय कुमार रजक को घटना की जानकारी देते हुए उनसे छुट्टी लेकर सीधे थाना पहुंच गई। आवेदन में यह भी बताया गया है कि इससे पहले भी जब आईटीआई कॉलेज नियोजनालय कार्यालय में संचालित होता था, उस समय भी एक बार प्राचार्य कृष्णदेव राम ने उनके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया था। तब भी वह इसकी जानकारी कॉलेज के अन्य कर्मियों को दिया था। तब सभी ने लोक लाज की बात कहकर समझा बूझकर मामले को शांत करा दिया था। महिला ने बताया है कि प्राचार्य की बात नहीं मानने पर कभी उसका अब्सेंटी काट दिया जाता है तो कभी उसका पेमेंट काट दिया जाता है। जब इस मामले में आरोपी प्राचार्य कृष्णदेव राम ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उनके ऊपर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।

## दस्तावेज नवीस संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल 12 वें दिन भी जारी



**संवाददाता**

**चतरा :** जिला निबंधन पदाधिकारी के कार्यशैली से क्षुब्ध दस्तावेज नवीस संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 12वें दिन भी जारी रहा। लगातार किये जा रहे हड़ताल से जहां एक ओर जमीन रजिस्ट्री कराने के लिए पहुंचने वाले जरूरतमंदों को परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है।वहीं हड़ताल में रजिस्ट्री कार्य बाधित होने के कारण सरकार को प्रति दिन लाखो रुपये के राजस्व का घाटा भी हो रहा है। दस्तावेज नवीस संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामस्वार्थ सिंह ने बताया कि जमीन रजिस्ट्री करने के नाम पर पदाधिकारी के द्वारा जबरन मीन मेख निकालकर कार्य बाधित किया जाता है। ये ना तो हाई कोर्ट के आदेश को मानते हैं और ना ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश को। उन्होंने बताया कि जिस सीएनटी आच्छादित जमीन का रजिस्ट्री 25 जनवरी 2012 तक हुआ और उसका नामांतरण भी हो गया। उसे भी ये सीएनटी मानकर रजिस्ट्री करने से इंकार करते हैं। इनके द्वारा वैसे खतियान जो एक सौ वर्ष के होने और नष्ट हो गए वैसे खतियान जिसे सरकार के द्वारा ऑनलाइन खतियान और पंजी टू को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। उसे भी ये मानने से इनकार कर रजिस्ट्री में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पदाधिकारी के रहते दस्तावेज नवीस संघ रजिस्ट्री कार्य नहीं करेंगे।

## छठी संस्कार में शामिल हुए गौतम रविदास



**चतरा :** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के लुटू गांव में पुत्री प्राप्ति उपलक्ष्य में आयोजित छठी संस्कार कार्यक्रम में युवा नेता गौतम रविदास शामिल हुए।यह संस्कार शंकर महतो के आवास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों के साथ शिक्षक जागेश्वर महतो और अमरेश रजक भी मौजूद रहे।समारोह के दौरान गौतम रविदास ने नवजात पुत्री के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की मंगलकामनाएँ दीं।उन्होंने कहा कि बेटियाँ घर और समाज की रोशनी होती हैं तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को समाज के हर वर्ग को मिलकर आगे बढ़ाना चाहिए।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बेटियों की शिक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देना हर नागरिक की जिम्मेदारी है,ताकि एक मजबूत और संवेदनशील समाज का निर्माण हो सके।

# अवैध अफीम की खेती को किया गया नष्ट, मचा हड़कंप



## ड्रोन से अफीम की खेत खोजकर नष्ट कर रही पुलिस

### लगभग 3 एकड़ में लगी फसल नष्ट

**संवाददाता**

**चतरा :** जिला प्रशासन अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी अभियान प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में चतरा पुलिस कप्तान के निर्देश पर चतरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व मे हंटरगंज थाना के सशस्त्र बल हंटरगंज वन क्षेत्र के पदाधिकारी गण एवं कर्मी तथा झारखंड जगुवार के कर्मियों के साथ हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुटा, फाटा, मुरैनवा और कोलवा में वन भूमि तथा गैर मजरुआ सरकारी भूमि में लगे करीब 03 एकड़ अफीम की खेती को ट्रैक्टर एवं मशीनरी जाने का रास्ता नहीं रहने के कारण साथ ले गए ड्रोन कैमरा की मदद से अफीम की खेती को चिन्हित करते हुए मजदूर के द्वारा एवं साथ गए कर्मियों के द्वारा शुरूआती दौर में ही नष्ट कर दिया गया । खेती में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है । जिससे अफीम की खेती करने वालों में हड़कंप मच गया है ।चतरा पुलिस का आम जन से अफीम की खेती न करने का अनुरोध कर रही है ।विनिष्टीकरण अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार,जगुआर की टीम वन प्रक्षेत्र के पदाधिकारी तथा कर्मी और करीब 40 मजदूर सहित दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### पुलिस प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## 19 एकड़ में फैली अफीम की फसल को किया नष्ट



**संवाददाता**

**चतरा :** जिले के लावालौंग क्षेत्र में अफीम विनष्टिकरण अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर प्रशासन और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने रिमी पंचायत के कोटारी वन भूमि पर लगभग 19 एकड़ में लगे अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी के अनुसार अफीम की खेती घने और दुर्गम क्षेत्रों में की गई थी,जहां तक पहुंचना भी मुश्किल था।लेकिन पुलिस टीम ने सघन तलाशी अभियान चलाकर फसल तक पहुंच बनाई और उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया। पूरे अभियान का नेतृत्व सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने किया।इस दौरान इंस्पेक्टर सनोज चौधरी,थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा,पुलिस अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव,प्रभारी वनपाल रवि नायक तथा एसएसबी की टीम ने भी अहम भूमिका निभाई।एसडीपीओ ने कहा कि इस प्रकार की अवैध खेती समाज और कानून दोनों के लिए गंभीर खतरा है। इसलिए इसके खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील करते हुए कहा है कि ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी और न ही किसी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। हालांकि पुलिस ने कहा है कि जांच जारी है और जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस अभियान से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने साफ किया है कि भविष्य में भी ऐसे अभियान बिना किसी रोकटोक जारी रहेंगे।

# विस का शीतकालीन सत्रः सदन में गरमाया बालू के अवैध खनन का मुद्दा

## शशिभूषण मेहता व मंत्री योगेंद्र में तीखी बहस, नवीन जायसवाल भी कूदे

**संवाददाता**

रांची : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने बालू की किल्लत, अवैध खनन सहित कई मुद्दे उठाये। उन्होंने कहा कि जेएसमबीसी द्वारा राज्य में बालू घाटों के संचालन की व्यवस्था के दौरान कम दर पर एमडीओ के चयन किए जाने के कारण सरकार को काफी राजस्व का नुकसान हुआ है। लेकिन संबंधित मंत्री ने कहा कि राज्य को नुकसान नहीं हुआ है।



मेहता ने आगे कहा कि राज्य में बालू उपलब्ध कराने का काम थाने को दे दिया गया है। थानेदार का काम लॉ एंड ऑर्डर का नहीं रह गया। बल्कि जितने भी बिचौलिए हैं, उनकी सूची बनाकर उनको बालू उपलब्ध कराने का रह गया है। पांकी विधायक ने कहा कि बालू काफी उच्चे दामों में मिल रहा है। उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि क्या आसानी से कम दाम में बालू मिलेगी या इसी तरह से ब्लैक में लोगों को बालू लेकर अपना काम करना पड़ेगा। कहा कि पहले जहां 300 रुपये ट्रैक्टर बालू मिलता था, अब इसकी कीमत 7000 रुपये प्रति ट्रैक्टर हो गई है।

इस पर संबंधित मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देते हुए कहा कि बालू घाटों की संचालन की व्यवस्था में एमडीओ के चयन से राज्य सरकार को नुकसान नहीं फायदा हुआ है। कहा कि राज्य सरकार को एमडीओ को पैसे देना होता है। अगर कम दर में एमडीओ का चयन किया गया है तो इससे राज्य सरकार को नुकसान नहीं फायदा है। बालू के अवैध खनन से राज्य सरकार को छोड़ अन्य लोगों को फायदा होने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि सरकार जनता के प्रति कृतसंकल्प है कि उन्हें कैसे बालू मिले। बताया कि राज्य के 374 घाटों में 100 सीएफटी बालू 100 रुपये में मुहैया कराई जा रही है। सवाल के जवाब के दौरान पांकी विधायक और मंत्री के बीच जमकर बहस हुई। इस बहस में हटिया विधायक नवीन जायसवाल भी कूद पड़े। उन्होंने कहा कि मंत्री जी जवाब बहुत लक्षेदार ढंग से रख रहे हैं। लेकिन झारखंड की जनता को इससे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसी भी जिले या गांव में 100 रुपये सीएफटी बालू मुहैया नहीं होता है।

जायसवाल ने 2025 के बालू घाटों की नीलामी की पॉलिसी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि ऐसे नियम बनाए गए हैं कि नीलामी में कोई भी आम आदमी भाग नहीं ले सकता है। सिर्फ बाहर के लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। विधायक ने कहा कि मंत्री अपने जवाब से जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच पांकी विधायक ने मंत्री से पलामू के किस-किस बालू घाट में 100 रुपये सीएफटी बालू मिल रहा है, उसकी सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। साथ ही सरकार को फाइन से और एमडीओ से कितना पैसा मिला, इसकी जानकारी दें। सरकार से मांग की कि लोगों को आसानी से बालू उपलब्ध कराने की मांग की।

# पहले मां दुर्गा को किया प्रणाम, फिर आभूषण लेकर हुए फरार, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**रांचीः** राजधानी रांची के दलादली ओपी क्षेत्र स्थित मां दुर्गा मंदिर में देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोर मंदिर परिसर में घुसकर मां दुर्गा की प्रतिमा पर लगाए गए आभूषण चुरा ले गया।

चोरी से पहले मां दुर्गा की प्रतिमा को प्रणाम कियाः आज सुबह घटना का पता चलते ही मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई और श्रद्धालुओं में आक्रोश का माहौल देखा गया। घटना के संबंध में मंदिर प्रबंधन की ओर से पुलिस में आधिकारिक तौर पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। शिकायत मिलते ही दलादली ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले हैं। फुटेज में चोर की तस्वीर साफ दिखाई दे रही है, जिसमें वह चोरी से पहले मां दुर्गा की प्रतिमा को प्रणाम करते हुए नजर आ रहा है। इसके बाद उसने प्रतिमा पर सजे आभूषण उतारे और मौके से फरार हो गया।

**पूरे मामले की जांच में जुटी पुलिसः** चोर की यह हरकत



स्थानीय लोगों के लिए हैरानी का विषय बनी हुई है। फुटेज के आधार पर पुलिस उसकी पहचान कर रही है। आसपास के इलाकों में भी उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोर का चेहरा स्पष्ट दिख रहा है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।


**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**



गुमशुदा लड़की माही कुमारी उम्र–करीब 21 वर्ष, पिता–स्व0 रघुनाथ राम ग्राम–डहूगुटू थाना+जिला–खूँटी, दिनांक–04.12.2025 को घर में बिना बताये कहीं चली गई है जो आज तक घर नहीं लौटी है। उक्त गुमशुदा लड़की को पता लगाने का काफी प्रयास किया गया, परन्तु कुछ पता नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में खूँटी थाना सनहा सं0–20/25, दिनांक–05.12.25 दर्ज किया गया है।

**गुमशुदा महिला की विवरणीः–**

1. नाम–माही कुमारी
2. उम्र–करीब 21 वर्ष।
3. रंग–गेहूँआ एवं ऊँचाई लगभग–5 फीट 2 इंच।
4. चेहरा–गोल।
5. बाल–काला।
6. आँख–काला सामान्य।
7. पहनावा–ब्लू कलर का सूट,

अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि गुमशुदा लड़की माही कुमारी के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलम्ब सूचित करेंगें।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, खूँटी – 7004222835
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी – 8340655295

ह0/–
पुलिस अधीक्षक,खूँटी

PR 368015 Police(25-26).D


## सुखदेव नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार कुशवाहा ने किया पदभार ग्रहण



रांची/**विनय मिश्रा :** सुखदेव नगर के नए थाना प्रभारी सहपुलिस निरीक्षक के रूप में सुनील कुमार कुशवाहा ने अपना पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात अपनी प्राथमिकता बताते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहतर विधि व्यवस्था और आम लोगों को पुलिस सकारात्मक सहयोग के साथ-साथ उनके साथ प्रगाढ़ और बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए पुरजोर पहल करेंगे। उन्होंने बताया कि थाना अधीन क्षेत्र में लोग को किसी प्रकार की कोई जानकारी या सूचना प्राप्त होने पर उन्हें उक्त सूचना की जानकारी दे सकते हैं । उनकी जानकारी को पूर्ण रूप से गुप्त रखा जाएगा तथा तुरंत कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस जन सहयोग और जन अपेक्षा के अनुरूप कार्य करेंगी पुलिस और लोगों के बीच बेहतर मधुर और प्रगाढ़ संबंध स्थापित हो यह उनके सर्वोच्च प्राथमिकता है। गौरतलब हो श्री कुशवाहा अपने पदस्थापना काल के दौरान बेहतर कार्यों से सफल पुलिस निरीक्षक के रूप में पहचाने जाते हैं वे जहां भी पद स्थापित रहे अपने बेहतर और कुशल कार्यों से हमेशा लोकप्रिय पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनायी है।

## सीआरपीएफ जवान की हर्ट अटैक से मौत



**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के चाईबासा में सीआरपीएफ 197 बटालियन के जवान गोपालजी सिंह (46) की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। सुबह कैंप में परेड के दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उन्हें तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोपालजी सिंह हाल ही में छुट्टी से लौटे थे। वे अपने बेटे को दिल्ली में आईटीबीपी में सब-इंस्पेक्टर के पद पर ज्वाइन करवाकर रविवार को चाईबासा पहुँचे थे और सोमवार से ड्यूटी पर लौटे थे। घटना के बाद कैंप में शोक छा गया है। जवान के शव को कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनके पैतृक गांव गोरखपुर जिले के बेलघाट के सिसवा बाबू गांव भेजने की तैयारी की जा रही है।

## हटिया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ टीम की बड़ी कार्रवाई

# 11.5 लाख का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** रांची रेल मंडल में मादक पदार्थों के तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। आरपीएफ के द्वारा 11.5 लाख का गांजा पकड़ा गया है। साथ ही दो तस्करों को भी दबोचा गया है।



रांची रेल मंडल में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम रांची ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। आरपीएफ रांची के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर हटिया रेलवे स्टेशन पर संयुक्त जांच अभियान चलाया गया।

इसी दौरान शक के आधार पर ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह और फ्लाइंग टीम ने प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध अवस्था में बैठे दो व्यक्तियों की तलाशी ली। जांच के दौरान दोनों के बैगों से चार पैकेटों में बंद कुल 23 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत करीब 11.50 लाख आंकी गई है।

आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में जब्त किए गए सभी पैकेटों की ऊऊ किट से जांच की गई, जिसमें गांजा की पुष्टि हुई। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बरामद मादक पदार्थ और आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया को सुपुर्द कर दिया गया।

**कौन-कौन हुआ गिरफ्तारः** मोहम्मद फिरोज, उम्र लगभग 32 वर्ष, पिता -मोहम्मद फारूक, निवासी, नरवल, पोस्ट- नरईपुर, थाना - पथखौली, जिला - पश्चिम चंपारण (बिहार)

राम बिलास चौधरी, उम्र लगभग 27 वर्ष, पिता- मदन चौधरी, निवासीझ रुपहीटांड़, पोस्ट- बिनही, थानाझ भीताहा, जिला- पश्चिम चंपारण (बिहार)

**राउरकेला से खरीदा गया था गांजाः** रेल पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी में यह बताया गया है कि मोहम्मद फिरोज के पास से एक नीले रंग के पिट्ठू बैग और एक भूरे रंग की ट्रॉली बैग में गांजा पाया गया। वहीं, राम बिलास चौधरी के पास से एक हरे रंग के पिट्ठू बैग और एक ग्रे रंग के हैंड बैग में गांजा पाया गया। कुल 4 पैकेट गांजा (मैरिजुआना) मिला, जिनका कुल वजन 23 किलोग्राम पाया गया। डीडी किट से जांच करने पर यह गांजा (मैरिजुआना) पॉजिटिव पाया गया। दोनों व्यक्तियों से वैध परमिट या दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे प्रस्तुत करने में असफल रहे। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने उक्त गांजा राउरकेला (ओडिशा) से एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था और धनबाद जाकर किसी अज्ञात व्यक्ति को देने जा रहे थे।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**R.C.D. , ROAD DIVISION, SAHIBGANJ**

**e- Procurement Notice**

**(2nd Call)**

**(SHORT TENDER)**

e-Tender Reference no.- **RCD/SAHIBGANJ/1047/2025-26**

**Dated : 06.12.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | **IRQP/Strengthening work of Shobhanpur Bhatta to Rajgaon via Kishan Prasad from K.M. 0.00 to 19.625 under Road Division, Sahibganj for the Year 2025-26** |
| 2 (a) | Estimated Cost (Rs) | **Rs. 12,57,13,074.00** (Rupees Twelve Crore Fifty Seven Lakh Thirteen Thousand Seventy Four) Only. |
| (b) | Bid Security (Rs) | **12,58,000.00** (Rupees Twelve Lakh and Fifty Eight Thousand) Only. |
| 3 | Time of Completion | 06 (Six) Months |
| 4 | Last date / Time for receipt of bids | 23.12.2025 upto 12.00 Noon |
| 5 | Date of Publication of Tender on website | 10.12.2025 from 10.30 A.M. |
| 6 | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D. Road Division, Sahibganj |
| 7 | Contact no. of Procurement officer | 8271102250 |
| 8 | Helpline number of e- Procurement cell | 0651 - 2401010 |

Further details can be seen on website ***http://jharkhandtenders.gov.in***

**EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, SAHIBGANJ**

PR 367995 (Road) 25-26 (D)


## साइबर अपराध से बचाव पर महत्वपूर्ण व ज्ञानवर्धक जागरूकता कार्यक्रम

# साइबर ठगी से बचें , पहले जांचें, फिर विश्वास करें

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** डीएवी नंदराज में आज जीतो लेडीज विंग द्वारा साइबर अपराध से बचाव पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की नेशनल कन्वीनर डीजी नारी प्रियंका पाटनी जैन है, जिनके नेतृत्व में यह मिशन पूरे देश-विदेश में साइबर पीस की जागरूकता फैलाने के लिए है ताकि हमारे नागरिक जागरुक हो सके और जब हम सुरक्षित होंगे तभी हम लोगों को भी सुरक्षित कर पाएंगे ।अभी तक यह कार्यक्रम हैदराबाद ,धनबाद ,पुणे, राजनंदन गांव और भी बहुत सारे शहरों में किया गया है।




रांची के डीएवी नंदराज विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के करीब 100 बच्चे उपस्थित थे। डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन ठगी, हैकिंग, फर्जी लिंक, कॉल और व्हाट्सएप संदेशों से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना था कि आज के समय में ऑनलाइन सतर्क रहना ही वास्तविक सुरक्षा है।

इस सत्र का संचालन साइबर सुरक्षा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत साइबर पीस फाउंडेशन के वैश्विक अध्यक्ष मेजर विनीत कुमार ने किया। उन्होंने सरल भाषा में बताया कि साइबर ठग कैसे सोचते हैं, किस प्रकार वे लोगों को भ्रमित कर उनके पैसे और निजी जानकारी हड़प लेते हैं, तथा उनसे बचने के लिए कौन-कौन से सावधानीपूर्ण कदम आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी अज्ञात लिंक, संदेश, कॉल या वीडियो पर दिमाग से पहले भरोसा नहीं, बल्कि शक करना चाहिए। प्रतिभागियों ने ऑनलाइन बैंकिंग, ओटीपी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं पहचान की रक्षा जैसे बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यह सत्र न केवल सूचनाप्रद रहा, बल्कि हास्य और रोचक उदाहरणों के एक्स माध्यम से अत्यंत मनोरंजक भी बन गया।

कार्यक्रम में डॉ संजय जैन और अजय आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, साथ ही ऊअश विद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि प्रकाश तिवारी ने अपने मार्मिक संबोधन में ऐसे अभियानों की समाज के लिए अनिवार्यता पर जोर दिया। इस अवसर पर जीतो की राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती प्रियंका पाटनी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु जितो रांची के चेयरपर्सन विशाल जैन और मुख्य सचिव सर्वेश जैन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

जीतो लेडीज विंग की अध्यक्ष सरोज जैन, मुख्य सचिव एकता जैन, उपाध्यक्ष पायल ए जैन, कोषाध्यक्ष आशिका सेठी, तथा संयुक्त सचिव मनीषा जैन के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसी क्रम में जितो यूथ विंग के चेयरमैन नितेश जैन और मुख्य सचिव श्रेय जैन ने भी एवं युवा मेंबर्स सुमिल जैन ने भी काफी सहयोग दिया । कार्यक्रम का सुचारु संचालन आकर्षक शैली में डिजीनारी संयोजिका कनिका जैन एवं मनीषा जैन ने किया।

कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा को रोचक ढंग से समझाने के लिए एक प्रभावशाली नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जिसमें सोनम विनायक, सोनम सोगानी, बबली काशलीवाल, खुश्बू सोगानी और श्रिंखला ने अभिनय किया। इस प्रस्तुति में राजश्री काशलीवाल, अपेक्षा, स्वीटी छाबड़ा, खुश्बू दासानी, प्रिया कोठारी, मोनिका बाकलीवाल और कोमल पटनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट हुआ कि आज की दुनिया में जितना अधिक हम इंटरनेट और मोबाइल का उपयोग करते हैं, उतना ही हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है। जीतो लेडीज विंग ने यह संदेश मजबूती से दिया कि आपकी जागरूकता ही आपकी सुरक्षा है, और समझदारी से ऑनलाइन रहना आज की नई सुरक्षा आदत है।

## भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**सोनाहातू :** सहायक आयुक्त उत्पाद, रांची के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार देर शाम को उत्पाद विभाग की टीम ने सदर बी क्षेत्र के निरीक्षक के प्रवेक्षण में बुंडू अंचल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक छापामारी अभियान चलाया। यह कार्रवाई राहे थाना ओर सोनाहातु थाना बीरदीडीह, बांकु कोड़ाडीह, बुसुडीह, नरसिंह- लोवाडीह आदि गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने दो अभियुक्तों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(जिला पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)**
**दूरभाष : ............... Email ID : ramgarh-sports@jharkhandmail.gov.in**
**dsoramgarh48@gmail.com**

**–: आम सूचना :–**

पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड राँची की अधिसूचना संख्या–पर्य0/यो0–33/2022–16 दिनांक 19.07.2023 एवं निदेशक, पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड राँची के ज्ञापांक 1102/राँची दिनांक 28.11.2025 के निदेशानुसार जिले के पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुडे व्यवसायिकों को विभिन्न कैटेगरी में पंजीकरण कराने का निदेश प्राप्त है। परन्तु अभी तक किन्ही व्यवसायी के द्वारा Jharkhand Tourist Trade Registration Portal पर पंजीकरण हेतु आवेदन समर्पित नहीं किया गया है, जो सरकार के आदेश का उल्लंघन है। Jharkhand Tourist Trade Registration Portal पर पंजीकरण कराने हेतु कैटेगरी वार निर्धारित दर निम्नवत् हैः–

| Sl No. | | Category/Unit | Fee |
|---|---|---|---|
| 1 | Category A | For Accommodation unit having 50 and more than 50 lettable rooms | ₹ 50000.00 |
| | | For Accommodation unit having more than 30 lettable room and less than 50 lettable rooms | ₹ 30000.00 |
| | Category B | The accommodation units (other than home stay) with 30 lettable rooms/ dormitories or less | ₹ 20000.00 |
| | Category C | Home Stay | ₹ 3000.00 |
| | Category D | Accommodation units like Tent city/Tented accommodation, House Boat, Motor Carvan, River/ Lake Cruise. | ₹ 500.00 for one month (minimum ₹ 1500.00) |
| 2 | | Adventure Tourism/Adventure Sports Operators/Water Sports Operators (ASO) | ₹ 15000.00 |
| 3 | | Boat Operator | ₹ 300.00 |
| 4 | | Entertainment related unit | ₹ 15000.00 |
| 5 | | Tour Operator/Travel Agent/Tourist Tranport Operator | ₹ 5000.00 |
| 6 | | Tourist Guide | ₹ 300.00 |
| 7 | | Professional Tourist Photographers | ₹ 300.00 |

अतः रामगढ़ जिला अन्तर्गत पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुडे सभी व्यवसायियों का निदेश दिया जाता है कि Jharkhand Tourist Trade Registration Portal पर अपने–अपने व्यवसायों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा संबंधित व्यवसायियों के विरूद्ध Jharkhand Tourist Trade Registration Rules-2023 के प्रावधानों के आलोक में विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

पंजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी रामगढ़ जिला के वेबसाईट https://ramgarh.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी,रामगढ़

PR 368010 District(25-26).D

## सूक्ति

सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर

## लापरवाही की आग

गोवा के एक नाइट क्लब में आग की त्रासदी और इसमें 25 जानें चली जाने की घटना ने एक बार फिर इस बहस को जन्म दिया है कि देश में नियम-कायदों की अनदेखी क्यों होती रहती है? नाइट क्लब बैकवाटर क्षेत्र में चल रहा था, इसमें प्रवेश और निकास के द्वार अत्यंत संकरे थे, वेंटीलेशन बहुत खराब था और आग बुझाने के साधनों का सर्वथा अभाव था। जिस जगह बना था, वहां फायर ब्रिगेड का पहुंचना ही संभव न हो सका। सवाल उठता है कि जब सुरक्षा और सुविधा की बुनियादी जरूरतें ही पूरी नहीं हो रही थीं, तो इसके संचालन की अनुमति कैसे प्रदान कर दी गई? साफ है कि अधिकारी इस घटना के दोषी हैं, लेकिन सरकार भी कम जिम्मेदार नहीं। ऐसा कैसे हो सकता है कि गोवा में कुछ गलत हो रहा है और उसे इसका पता ही न हो। गोवा देश का प्रमुख पर्यटन राज्य है। देश-विदेश से सबसे ज्यादा पर्यटक गोवा में ही आते हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी खुद-ब-खुद बढ़ जाती है। अभी तो एक नाइट क्लब में अव्यवस्था और अनदेखी सामने आई है। वहां तो ऐसे हजारों क्लब हैं। उनका क्या? केवल मजिस्ट्रियल जांच बिठाने और कुछ अधिकारियों पर गाज गिराने से सरकार की जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। सरकार को इसके लिए पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ आगे आना होगा। राज्य में सभी क्लबों और होटलों का सुरक्षा और सुविधाओं के सभी पैमानों पर ऑडिट करते हुए स्थायी तौर पर पुख्ता व्यवस्था करनी होगी, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। भविष्य के लिए भी व्यवस्था करनी होगी कि मापदंडों को अच्छी तरह देखने-परखने के बाद ही अनुमति जारी हो। ऐसा सबक देश के अन्य राज्यों की सरकारों और जिलों के प्रशासन को भी लेना होगा। इसकी जरूरत इसलिए है कि आए दिन सामने आने वाले भीषण अग्निकांड और उनसे होने वाली जन-धन की हानि साफ बताती है कि न तो आग से बचाव उपायों की तरफ गंभीरता बरती जा रही है और न ही अग्निकांड के बाद राहत कार्यों में तत्परता की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जा रहा। सुरक्षा उपायों का समुचित बंदोबस्त न होना तो ऐसी घटनाओं को बढ़ाने वाला होता ही है, इन्हें रोकने से जुड़ी जागरूकता का अभाव भी कम जिम्मेदार नहीं है। रही-सही कसर आपदा प्रबंधन की कमजोरी से पूरी हो जाती है। इमारतों में इस्तेमाल होने वाली कई ज्वलनशील वस्तुओं की मौजूदगी बिजली के मामूली शॉट सर्किट से भी आग को विकराल रूप लेने देती है। पिछले वर्षों में भीषण अग्निकांड जितने भी हुए हैं वहां बड़ी वजह यही सामने आती रही है। दरअसल आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जुटाने के जितने प्रयास इमारतों को सजाने-संवारने में होते हैं उसके आधे भी आग लगने से रोकने में नहीं होते। इसके लिए देश की अदालतों से अनगिनत बार फटकार लग चुकी है, लेकिन कोई सबक लेने को तैयार नहीं है। अब जरूरत बड़ी और कड़ी कार्रवाई की है, अन्यथा ऐसी त्रासदियों का सिलसिला नहीं रुकेगा।

## बाबरी बनाम राम मंदिर

**तृणमूल** कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कुछ मुस्लिम चेहरों के साथ बाबरी मस्जिद की नींव रखी, तो दूसरी तरफ बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस, बाबा बागेश्वर और कई साधु-संतों ने, एक व्यापक जन-सैलाब के साथ, गीता पाठ किया। बाबरी मस्जिद से 11 किमी की दूरी पर बहरामपुर में राम मंदिर बनाने का उद्घोष किया गया। इन दोनों फैसलों और कर्मकांडों का धार्मिक आस्था से कोई सरोकार नहीं है। ये सांप्रदायिक, हिंदू बनाम मुसलमान, जमावड़े थे, जिनकी मानसिकता में अप्रैल-मई, 2026 के विधानसभा चुनाव उमड़-घुमड़ रहे थे। बेशक प्रभु श्रीराम समूचे भारत के जनमानस के सबसे अधिक स्वीकार्य और पूजनीय आराध्य हैं। राम के जीवन-चरित पर सबसे अधिक, प्रमुख भाषाओं में, रामायण का सृजन किया गया है। यदि हमारे आराध्य का एक और मंदिर बनाया जाता है, तो वह विवादास्पद नहीं हो सकता, क्योंकि बहुसंख्यक हिंदू मूर्ति पूजक हैं, लेकिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में आराध्य का भव्य मंदिर बन चुका है। मंदिर के शिखर पर सनातन की प्रतीक धर्म-ध्वजा भी सुशोभित की जा चुकी है। देश भर से लाखों श्रद्धालु अपने आराध्य श्रीराम के दर्शन करने और मत्था टेकने अयोध्या जा रहे हैं। राम मंदिर का सम्मान किसी तीर्थ-स्थान से कमतर नहीं है, लिहाजा एक और राम मंदिर के उद्घोष का औचित्य क्या है? देश में आज भी प्रभु राम के असंख्य मंदिर हैं, जहां अनवरत पूजा-पाठ जारी है। बेशक राम के नाम पर ध्रुवीकरण और सामुदायिक लामबंदी जरूर की जा सकती है। चुनाव के मद्देनजर उनका महत्व भी निर्णायक है। यकीनन हिंदुओं अथवा ऐसे आस्थावानों के ध्रुवीकरण से भाजपा को चुनावी फायदा सर्वाधिक होता रहा है।

स्वतंत्र भारत में बाबर जैसे विदेशी आक्रांताओं के स्मारक के तौर पर मस्जिद बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। भारत अब एक संप्रभु, लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है, उसमें बाबर का स्मारक स्वीकार्य नहीं है। मुस्लिम मस्जिद बनाना चाहते हैं, तो सरकार से बाकायदा इजाजत लें और पैगंबर मुहम्मद के नाम पर मस्जिद बनाएं। किसे आपत्ति होगी? हालांकि राजधानी दिल्ली में ह्यबाबर रोडह्न आज भी मौजूद है। ऐसे और भी स्मारक बाबर के नाम पर देश में होंगे, लेकिन नए प्रयास, नए शिलान्यास, नए निर्माण को नहीं होने देना चाहिए। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कथित बाबरी मस्जिद की नींव नहीं रखने देनी चाहिए थी। भाजपा के जो चेहरे चीखा-चिल्ली कर बाबरी का विरोध कर रहे थे, उन्हें भी नींव का पुरजोर विरोध करना चाहिए था। मुख्यमंत्री को अपने ही बागी विधायक को गिरफ्तार कराना चाहिए था, लेकिन बाबरी मस्जिद की प्रतीकात्मक नींव रख दी गई और वह तबका अपनी सांप्रदायिकता में कामयाब रहा। ममता को मुर्शिदाबाद की 24 विधानसभा सीटों पर 65 फीसदी से ज्यादा मुसलमानों के वोट की चिंता थी, तो ममता हिंदुओं के वोट भी छोड़ नहीं सकती थी। बंगाल में 35-40 फीसदी हिंदू वोट ममता की पार्टी के पक्ष में भी जाते हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री ने विधायक को निलंबित ही किया। हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर की तारीख इसलिए तय की थी, क्योंकि 1992 में इसी तारीख को अयोध्या की कथित बाबरी मस्जिद का ढांचा गिराया गया था। मुसलमानों के एक तबके में आज भी उस घटना के खिलाफ गुस्सा और आक्रोश है। मुसलमान उस विध्वंस को पाक मस्जिद की शहादत करार देते हैं। उसी जमीन पर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ के फैसले के बाद राम मंदिर बना है। अदालत ने मस्जिद की वैकल्पिक जगह जहां देने का भी आदेश दिया था, उसे मुसलमानों ने न तो लिया है, मस्जिद निर्माण तो बहुत दूर की कौड़ी है। मुर्शिदाबाद में जिस बाबरी मस्जिद की कथित नींव रखी गई है, उसके निर्माण को पैसा कहां से आएगा?

# भारत की विकास की गति बाहरी रेटिंग से अधिक टिकाऊ

**आइएमएफ की आलोचना को भारत को चुनौती नहीं, अवसर के रूप में देखना चाहिए। नया आधार वर्ष लागू करना, उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआइ) आधारित अपस्फीति तैयार करना, डिजिटल डाटा स्रोतों को औपचारिक सांख्यिकीय संरचना में शामिल करना और अनौपचारिक क्षेत्र के लिए नए-नए सर्वेक्षण और जीओ-टैग हाउसहोल्ड डाटा विकसित करना, ये सभी कदम भारत के सांख्यिकीय ढांचे को और भी मजबूत बनाएंगे।**

विजय गर्ग

**अंतरराष्ट्रीय** आर्थिक विमर्श में भारत आज जिस स्थिति में खड़ा है, वह अवसर और चुनौती, दोनों का संगम है। एक ओर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) तिमाही दर तिमाही 8 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि दर्ज कर रहा है। यह किसी भी बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए असाधारण उपलब्धि है। दूसरी ओर, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने अपनी नवीनतम 'अनुच्छेद परामर्श' रिपोर्ट में भारत की वृद्धि का अनुमान 6.6 प्रतिशत रखा है। इससे भी महत्वपूर्ण भारत के राष्ट्रीय लेखा आंकड़ों को 'सी' रेटिंग दी है। यह रेटिंग कई विश्लेषकों, निवेशकों और नीति निमार्ताओं के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि, वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या यह रेटिंग भारत की आर्थिक विश्वसनीयता को चुनौती देती है या यह एक तकनीकी टिप्पणी है, जिसे सुधार की दृष्टि से देखा जाना चाहिए? सबसे पहले यह ध्यान देना आवश्यक है कि एनएसओ के आंकड़े वास्तविक अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को प्रतिबिंबित करते हैं, जबकि आइएमएफ का अनुमान भविष्य के जोखिमों और अपनी मॉडल-आधारित मान्यताओं पर आधारित होता है।

8.2 प्रतिशत बनाम 6.6 प्रतिशत का अंतर स्वाभाविक है। चिंता का विषय आंकड़ों का यह अंतर नहीं, बल्कि आइएमएफ द्वारा भारत के डाटा फ्रेमवर्क को 'सी' ग्रेड देना है, जिसे कई लोग सांख्यिकीय विश्वसनीयता पर टिप्पणी के रूप में देख रहे हैं। यह सही है कि भारत के सांख्यिकीय ढांचे में सुधार की आवश्यकता है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि भारत की विशिष्ट आर्थिक संरचना और सांख्यिकीय तंत्र की जटिलताओं को बिना समझे इस रेटिंग का अतिश्योक्तिपूर्ण अर्थ निकालना उचित नहीं है। आइएमएफ की आलोचनाएं मुख्यतः चार बिंदुओं पर आधारित हैं। पहला- पुराना आधार वर्ष (वर्ष 2011-12), दूसरी- जीडीपी की दो पद्धतियों में अंतर, तीसरा- अनौपचारिक क्षेत्र की सीमित कवरेज और चौथा- थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआइ) आधारित मूल्य अपस्फीति है। इनमें से कई बिंदु तकनीकी प्रकृति के हैं, न कि विश्वसनीयता पर सीधा प्रहार। आधार वर्ष बदलना भारत में एक प्रक्रिया है, जिसे वर्ष 2022-23 को आधार बनाकर अद्यतन (अपडेट) किया जाना है। इसमें देरी अवश्य है, लेकिन यह केवल भारत में नहीं, अमरीका, यूरोप, जापान जैसे कई देशों में भी सांख्यिकीय अद्यतन का स्वभाविक समय लगता है। जीडीपी में सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) और व्यय-आधारित अनुमान का अलग-अलग होना भी दुनिया की हर बड़ी और जटिल अर्थव्यवस्था में एक सामान्य चुनौती है। विशेषकर तब जब अर्थव्यवस्था तेजी से संरचनात्मक बदलावों से गुजर रही हो।

अनौपचारिक क्षेत्र की कवरेज सीमित होने का तर्क भी भारत के पक्ष में एक महत्वपूर्ण पहलू की ओर संकेत करता है। भारत की अर्थव्यवस्था इतनी विशाल और विविध है कि आइएमएफ के मानकीकृत मॉडल उसे पूर्ण रूप से कैप्चर ही नहीं कर पाते। आइएमएफ के मॉडल विकसित देशों के लिए अधिक उपयुक्त हैं, जहां अनौपचारिक क्षेत्र आकार में बेहद छोटा होता है।

भारत में अनौपचारिक क्षेत्र का आकार 40-45 प्रतिशत तक है। इस विविध गतिविधि को जीडीपी में सटीक ढंग से शामिल करना चुनौतीपूर्ण अवश्य है, लेकिन यह भारत की समस्या नहीं, भारत की 'विविधता' है। यह वही विविधता है, जिसने भारत के विकास मॉडल को दुनिया से अलग और अद्वितीय बनाया है।अक्सर चर्चा में यह बात छूट जाती है कि भारत का डिजिटल डाटा इंफ्रास्ट्रक्चर दुनिया में सबसे उन्नत है। वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन), यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), आयकर डाटा, ई-वे बिल, आधार, डिजिटल भुगतान, ये सभी स्रोत वास्तविक समय में आर्थिक गतिविधि की झलक दिखाते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था में जितनी पारदर्शिता डिजिटल फुटप्रिंट लाता है, आइएमएफ जैसे बाहरी संस्थानों को उसकी पूरी पहुंच नहीं होती। आइएमएफ की रिपोर्ट मुख्यतः उसके अपने अनुमान और सांख्यिकीय मॉडलों पर आधारित होती है, जबकि एनएसओ का काम घरेलू डाटा स्रोतों पर आधारित विस्तृत और बहु-आयामी विश्लेषण करना है। यह अंतर दोनों संस्थाओं की भूमिका को परिभाषित करता है, आइएमएफ वैश्विक संदर्भ में 'सतर्क अनुमान' देता है, जबकि एनएसओ वास्तविक जमीन पर दिख रहे प्रदर्शन को मापता है।

यह भी याद रखना चाहिए कि आइएमएफ ने स्वयं स्वीकार किया है कि भारत की वृद्धि 'व्यापक और सहनशील' है। भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। वर्ष 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। आइएमएफ की तकनीकी टिप्पणी को भारत के विकास मॉडल या उसकी विश्वसनीयता पर अंतिम निर्णय के रूप में पढ़ना न तो उचित है, न ही विवेकपूर्ण। भारत ने बीते दस वर्षों में आईएमएफ के अनुमानों को कई बार पीछे छोड़ा है। वैश्विक महामारी, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और उच्च मुद्रास्फीति के दौर में भी भारत ने न केवल अपने निवेश चक्र को मजबूत रखा, बल्कि निजी खपत एवं सरकारी पूंजीगत व्यय दोनों में अद्वितीय तेजी दिखाई। भारत की सांख्यिकीय प्रणाली भी इतनी ही जटिल है, जितनी हमारी अर्थव्यवस्था। इसे निरंतर सुधार की आवश्यकता है। यह स्वीकार करने में कोई संकोच नहीं कि आधार वर्ष अद्यतन, मूल्य अपस्फीति में आधुनिक पद्धति और अनौपचारिक क्षेत्र के बेहतर आकलन की जरूरत है। हालांकि, यह कहना कि भारत के आंकड़े अविश्वसनीय हैं, सरलीकृत और भ्रामक निष्कर्ष होगा। विश्व बैंक, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी), संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक मामलों का विभाग (यूएन डीईएसए) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी), सभी एनएसओ के आंकड़ों को स्वीकार करते हैं। भारत का सांख्यिकीय ढांचा एक मजबूत, पेशेवर और पारदर्शी परंपरा का हिस्सा है। इसमें सुधार, आधुनिकीकरण और तकनीक का समावेश आवश्यक है, लेकिन इसका उद्देश्य किसी बाहरी संस्था को संतुष्ट करना नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था की बेहतर समझ विकसित करना होना चाहिए। वैसे, आइएमएफ की आलोचना को भारत को चुनौती नहीं, अवसर के रूप में देखना चाहिए। नया आधार वर्ष लागू करना, उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआइ) आधारित अपस्फीति तैयार करना, डिजिटल डाटा स्रोतों को औपचारिक सांख्यिकीय संरचना में शामिल करना और अनौपचारिक क्षेत्र के लिए नए-नए सर्वेक्षण और जीओ-टैग हाउसहोल्ड डाटा विकसित करना, ये सभी कदम भारत के सांख्यिकीय ढांचे को और भी मजबूत बनाएंगे। यह भी महत्वपूर्ण है कि सरकार आईएमएफ की आलोचना पर चुप्पी साधने के बजाय तथ्यात्मक और पारदर्शी प्रतिक्रिया दे।

# बेहतर एचडीआई के बावजूद स्वास्थ्य चुनौतियां

**नशाखोरी एक ऐसा संकट है जो शारीरिक और मानसिक, दोनों प्रकार की बीमारियों को जन्म देता है, इसलिए इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए दोनों क्षेत्रों के विशेषज्ञों की उपलब्धता आवश्यक है ।**

प्रो सतपाल

**हिमाचल** प्रदेश भारत के उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) का स्तर अपेक्षाकृत बेहतर है। मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2025 के अनुसार हिमाचल प्रदेश का एचडीआई 0.78 दर्ज किया गया है, जो राष्ट्रीय औसत 0.63 से काफी अधिक है। राज्य के गठन के बाद से ही शिक्षा और स्वास्थ्य पर सरकार का विशेष ध्यान रहा है, जिसका परिणाम यह है कि हाल ही में प्रदेश ने पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। स्वास्थ्य संकेतकों की दृष्टि से भी हिमाचल की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में संस्थागत प्रसव 91 प्रतिशत तक पहुंच चुके हैं, वहीं पूर्ण टीकाकरण की दर 80 प्रतिशत से अधिक है। मातृ मृत्यु दर लगभग 45 प्रति 1 लाख जीवित जन्म है तथा शिशु मृत्यु दर 23 प्रति 1000 जीवित जन्म है, जो अभाव राष्ट्रीय औसत (27) की तुलना में बेहतर है। बीते दस वर्षों में शिशु मृत्यु दर में लगभग 50 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। जीवन प्रत्याशा दर 73.6 वर्ष है, जो राष्ट्रीय औसत 69.9 वर्ष से काफी अधिक है। इस प्रकार स्पष्ट है कि राज्य मानव विकास और स्वास्थ्य संकेतकों में निरंतर उन्नति कर रहा है तथा राष्ट्रीय सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में अपेक्षित समय से पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है। हालांकि जब इन उपलब्धियों की तुलना विकसित देशों से की जाती है, तो अभी भी काफी अंतर दिखाई देता है। स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यापक पहुंच के बावजूद गुणवत्ता और समानता की चुनौतियां सामने बनी हुई हैं। यहां स्वास्थ्य अवसंरचना के कागजी आंकड़े व्यापक अवश्य दिखते हैं, लेकिन सुविधाओं का अभाव इन आंकड़ों के औचित्य को कम करता है।

आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में लगभग 600 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 2150 उप-स्वास्थ्य केंद्र, लगभग 140 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 94 उपमंडल स्तरीय सिविल अस्पताल स्थापित हैं। इसके अतिरिक्त बिलासपुर में एम्स तथा शिमला, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर, चंबा और हमीरपुर में राजकीय मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि सोलन में एक निजी मेडिकल कॉलेज भी मौजूद है। एक एम्स, छह सरकारी मेडिकल कॉलेज और एक निजी मेडिकल कॉलेज प्रदेश में नए चिकित्सक व विशेषज्ञों के अलावा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लगभग 3000 स्वास्थ्य इकाइयां प्रदेश के 55673 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले लगभग 80 लाख लोगों को सेवाएं प्रदान करने हेतु पर्याप्त प्रतीत होती हैं। आंकड़ों के हिसाब से यहां लगभग 2500 व्यक्तियों के पीछे एक स्वास्थ्य इकाई मौजूद है, हालांकि प्रति व्यक्ति के हिसाब से यह आंकड़ा न के बराबर है। फिर भी सभी व्यक्ति बीमार हैं, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता। इस दृष्टि से यह दर ठीक ही है, परंतु चिंता का विषय यह है कि इन इकाइयों में आधारभूत सुविधाओं तथा मानव संसाधन की कमी के कारण यह क्षमता प्रभावी रूप से उपयोग में नहीं आ पाती। कैग रिपोर्ट 2024 के अनुसार प्रदेश के लगभग 450 उप-स्वास्थ्य केंद्र और 80 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपने भवन तक से वंचित हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव संसाधनों की कुल कमी लगभग 40 प्रतिशत आंकी गई है, जो अत्यंत गंभीर स्थिति को दशार्ती है। स्टाफ तथा आवश्यक उपकरणों के अभाव के कारण अनेक स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता को उपलब्ध ही नहीं हो पातीं। यह भी सच्चाई है कि मानव संसाधन की कमी राज्य के स्वास्थ्य तंत्र की प्रमुख समस्या है।

विशेषज्ञ डॉक्टर और नर्सें प्रायः शहरी क्षेत्रों में ही कार्य करना पसंद करते हैं, जबकि ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थान वर्षों तक रिक्त रहते हैं। अनेक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर या तो नियुक्त ही नहीं होते या फिर केवल नाममात्र की उपस्थिति रहती है। स्वास्थ्य क्षेत्र पर व्यय की बात करें तो प्रदेश अपने सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 1.70 प्रतिशत और कुल व्यय का लगभग 6 प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करता है, जो सुदृढ़ स्वास्थ्य तंत्र हेतु अपर्याप्त माना जा सकता है। प्रदेश की दुर्गम भौगोलिक स्थितियां स्वास्थ्य सेवाओं के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती हैं। सर्दियों में बर्फबारी के दौरान दूरदराज क्षेत्रों से मरीजों को समय पर अस्पताल तक लाना अत्यंत कठिन हो जाता है। कई बार सामान्य प्रसव भी जटिल परिस्थितियों का रूप ले लेता है। रिपोर्टों के अनुसार, प्रतिवर्ष लगभग 10 प्रतिशत मरीज समय पर चिकित्सा सुविधा न मिलने के कारण गंभीर अवस्था में पहुंच जाते हैं। विकसित देशों ने ऐसे पहाड़ी क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस, मोबाइल क्लीनिक और डिजिटल हेल्थ सेवाओं के माध्यम से इन समस्याओं का समाधान किया है। हिमाचल प्रदेश में भी ऐसे प्रयास किए गए हैं, परंतु उनका विस्तार अभी बहुत सीमित है। प्रदेश में रोगों के स्वरूप में भी समय के साथ महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिल रहा है। पूर्व में संक्रामक रोग बड़ी चुनौती थे, किंतु अब मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और कैंसर जैसे गैर-संक्रामक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य स्तर पर नियमित स्क्रीनिंग और परामर्श की समुचित व्यवस्था न होने से इन रोगों के परिणाम अधिक गंभीर हो रहे हैं। हृदय रोग से होने वाली अचानक मृत्यु के मामले बढ़ रहे हैं, वहीं कैंसर के बढ़ते मामलों ने भी नीतिकारों के समक्ष चिंतन का विषय प्रस्तुत कर दिया है।

वर्तमान हिमाचल में नशाखोरी, अवसाद और आत्महत्या जैसी घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। युवाओं का नशे की गिरफ्त में आना वर्तमान हिमाचल के सामने उभरती हुई सबसे गंभीर सामाजिक-स्वास्थ्य चुनौती है। इसके बावजूद राज्य में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र और विशेषज्ञ अत्यंत सीमित हैं। जबकि विकसित देशों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे में शामिल कर प्रत्येक नागरिक को समुचित और निःशुल्क परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। नशाखोरी एक ऐसा संकट है जो शारीरिक और मानसिक, दोनों प्रकार की बीमारियों को जन्म देता है, इसलिए इसके प्रभावी नियंत्रण हेतु दोनों क्षेत्रों के विशेषज्ञों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। आज जरूरत है कि स्वास्थ्य सुविधाओं में सहायक वृद्धि की जाए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मां का वास होता है, वहीं स्वस्थ समाज से स्वस्थ प्रदेश व स्वस्थ राष्ट्र की नींव रखी जाती है।

# स्वयं ही शक्ति है

श्रीश्री रवि शंकर

**चिंतन-मनन**

**बुद्धि** का केंद्र, मन की उपेक्षा, निरंतर अस्थिरता और असंतोष की स्थिति को जन्म देता है। हालांकि, मन की चंचलता से परे बुद्धि का क्षेत्र है, ज्ञान का प्रकाश स्तंभ जो हमें जीवन के अशांत सागरों में मार्गदर्शन करता है। कौन ज्यादा महत्त्वपूर्ण है, वे वस्तुएं जिनकी हम इच्छा करते हैं या वे इंद्रियां जिनके माध्यम से हम उन्हें अनुभव करते हैं? वास्तव में, इंद्रियां स्वयं वस्तुओं से ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए आपकी आंखें टेलीविजन से ज्यादा कीमती हैं, आपके कान संगीत से ज्यादा कीमती हैं और आपकी जीभ स्वादिष्ट भोजन से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। हमारी त्वचा भी उन चीजों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है जिन्हें हम छूते हैं। लेकिन मूर्ख लोग क्या करते हैं? वे इस सच्चाई को नहीं समझते और इंद्रियों से ज्यादा इंद्रिय विषयों को महत्त्व देते हैं। वे जानते हैं कि ज्यादा देर तक टीवी देखने से उनकी आंखों की रोशनी जाती है, फिर भी वे घंटों टीवी देखते रहते हैं। वे समझते हैं कि ज्यादा खाना उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, फिर भी वे अपनी सेहत से ज्यादा खाने को प्राथमिकता देते हैं। यह जानना कि हमारी इंद्रियां, इंद्रियों के विषयों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं, पहला कदम है। मन इंद्रियों से भी ज्यादा महत्त्वपूर्ण है। अकसर, हम पूरी तरह से उपस्थित हुए बिना ही काम करते हैं, हमारा मन कहीं और होता है। ऐसी स्थिति में, हमारे कर्म अपना अर्थ खो देते हैं और हम उदास हो जाते हैं। जब मन की उपेक्षा की जाती है और केवल इंद्रियों और उनके विषयों पर ही ध्यान दिया जाता है, तो अवसाद शुरू हो जाता है। मन की जरूरतों पर भौतिक इच्छाओं को प्राथमिकता देने से अवसाद उत्पन्न होता है। अगर आपको किसी खास तरह का भोजन चाहिए और वह आपको नहीं मिलता, तो आप उदास महसूस करते हैं। मूर्ख मन की बजाय इंद्रियों पर ध्यान देता है। मन की प्रकृति क्या है? यह चंद्रमा की कलाओं की तरह परिवर्तनशील है। मन की तुलना अकसर चंद्रमा से की जाती है, जो घटता-बढ़ता रहता है। जिस तरह चंद्रमा स्थिर नहीं रहता, उसी तरह हमारा मन भी निरंतर परिवर्तनशील अवस्था में रहता है। मन से परे हमारी बुद्धि है। अगर हम सिर्फ अपने मन की बात मानेंगे, तो हमें बिना किसी उद्देश्य के निरंतर उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। जो लोग सिर्फ अपने मन के अधीन रहते हैं, वे अकसर ज्यादा दुखी महसूस करते हैं।

## आपके पत्र

### ममता का सार्वजनिक अपमान

**हाल** ही में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में वृद्धाश्रम में रह रही शोभा देवी के निधन के बाद जब बेटे को सूचना दी गई, तो उसने मां का शव लेने से साफ इनकार कर दिया। बेटे ने कहा कि घर में शादी है। शव आने से अपशगुन होगा। फ्रीजर में रखवा दीजिए, बाद में देख लेंगे। घंटों तक मां का पार्थिव शरीर वृद्धाश्रम में ही पड़ा रहा। अंततः प्रशासन ने हस्तक्षेप कर अंतिम संस्कार करवाया।

इस घटना ने मां के जीवन भर के त्याग, ममता, समर्पण और प्रेम का मानो सार्वजनिक अपमान कर दिया। यह प्रसंग केवल एक परिवार की असफलता नहीं, बल्कि सभ्यता की आत्मा पर लगा सबसे बड़ा प्रश्नचिह्न है। यह घटना दिखाती है कि कैसे आज की भागदौड़ और दिखावे की जिंदगी में बुजुर्गों को बोझ समझने की मानसिकता बढ़ रही है।

सपना सिन्हा,रांची

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# 24 जनवरी को आयोजित होगा मेगा रोजगार मेला : उपायुक्त

संवाददाता

**दुमका :** जिले केउपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को जिले में रोजगार सृजन, श्रमिक कल्याण और कौशल विकास से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की.

बैठक में जिला नियोजन विभाग के अंतर्गत नवंबर महीने में आयोजित रोजगार मेला की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा हुई। उपायुक्त श्री सिन्हा ने मेले में चयनित छात्रों की अद्यतन जानकारी ली तथा 24 जनवरी 2026 में आयोजित होने वाले मेगा रोजगार मेले को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार और भी अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करें, बड़ी एवं प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित करें और छात्रों को अवसरों से जोड़ने के लिए विशेष रणनीति तैयार करें।

उन्होंने काउंसलिंग हेतु प्रशिक्षित 20 मास्टर ट्रेनरों को भी जनवरी के रोजगार मेले की पूरी तैयारी और प्रक्रिया से अवगत कराने को कहा, ताकि वे छात्रों को रोजगार अवसरों के लिए बेहतर तरीके से मार्गदर्शन कर सकें।



श्रम विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से बाहर काम के लिए जा रहे श्रमिकों के पलायन की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पलायन को रोकने के लिए जेएसएलपीएस, मनरेगा और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से श्रमिकों को जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस, श्रम विभाग एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर उन पंचायतों की पहचान करने का निर्देश दिया जहां से अधिक पलायन हो रहा है। वहां विशेष शिविर आयोजित कर श्रमिकों का पंजीकरण, जागरूकता तथा उन्हें स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने इसे मिशन मोड में संचालित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान सरकारी आईटीआई संस्थानों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि आईटीआई छात्रों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिले और अधिक से अधिक प्लेसमेंट सुनिश्चित हो इसके लिए संस्थानों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आईटीआई प्रबंधन को उद्योगों से समन्वय बढ़ाकर अधिक कंपनियों को कैंपस प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, विभिन्न आईटीआई संस्थानों के प्रिंसिपल और संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फल व्यापारी विश्वनाथ गुप्ता हत्याकांड का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

## पिस्टल सहित लूटा गया नकदी व जेवरात बरामद, एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के तालबन्ना निवासी फल व्यापारी विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। जहां पुलिस ने वारदात में शामिल मुख्य आरोपी चचेरे पोता सुमित कुमार गुप्ता समेत अन्य दो आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया रुपया, जेवरात व अन्य सामान भी बरामद किया है। जहां पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में एसपी अमित कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बीते दिनों 1 दिसंबर की रात नगर थाना क्षेत्र के तालबन्ना मोहल्ले में हुए इस हत्याकांड की सूचना परिजनों ने दो दिसंबर की सुबह पुलिस को दी थी। उधर पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद मृतक की पुत्री ज्योति कुमारी गुप्ता के फर्द बयान के आधार पर नगर थाना में कांड संख्या 196/25 दर्ज कर उनके निर्देश पर गठित विशेष जांच टीम ने मामले का अनुसंधान शुरू किया था। जहां पता चला था कि विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता तालबन्ना स्थित अपने मकान के दूसरे तल्ले पर अकेले रहते थे। जहां पुलिस ने तकनीकी टीम की मदद से दुमका के जरमुंडी निवासी साइबर अपराधी सोहित कुमार राउत पिता कार्तिक साउत को उसके घर से दबोच लिया। जहां उससे पूछताछ में पता चला कि सुमित कुमार गुप्ता ने विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता की हत्या कर वहां से लूटे गए दो मोबाइल फोन व बैंक से संबंधित दस्तावेज व एटीएम कार्ड उसे उपलब्ध कराया था। आगे उसने बताया कि सुमित कुमार गुप्ता ने उससे कहा था कि उसके दादा के बैंक खाते में काफी पैसा है, जिसकी निकासी करना है इसमें से उसे भी हिस्सा मिलेगा। जिसके बाद पुलिस की टीम ने फौरन तालबन्ना निवासी सुमित कुमार गुप्ता को हिरासत में ले लिया गया। जहां पुलिसिया



पूछताछ में मुख्य आरोपी चचेरे पोता सुमित कुमार गुप्ता ने अपना जुर्म कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि आईआरबी 8 के जवान अमन कुमार जयसवाल के साथ उसने मिलकर अपने चचेरे दादा विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता के यहां लूटपाट करते हुए उसकी हत्या कर दी। वही सुमित कुमार गुप्ता वर्ष 2019 में आईआरबी 8 में सिपाही के पद पर बहाल हुआ है। जहां वर्तमान समय में वो लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतगर्त बोदा पिकेट में प्रतिनियुक्ति हैं। वही मुख्य आरोपी सुमित कुमार गुप्ता का आरक्षी संख्या 147 है। उधर एसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी सुमित कुमार गुप्ता दमन नामक ऑनलाइन गेम खेलने के काफी शौकीन हैं जिसके चलते उसके ऊपर लगभग 50 लाख रुपए का कर्ज हो चुका है। वही करीब 6 माह पूर्व सुमित कुमार गुप्ता के परिवार में कहलगांव की पैतृक संपत्ति की बिक्री हुई थी जिसमें उसके दादा विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता को काफी पैसा मिला था। आगे एसपी ने बताया कि सुमित के द्वारा सोहित को दिए गए बैंक दस्तावेज व एटीएम कार्ड से सोहित ने पैसा निकालने का हर संभव प्रयास किया लेकिन पुलिस के मृतक के सभी खातों को बंद करा देने के चलते इसमें उसे सफलता नहीं मिली। वही सोहित की निशानदेही पर मृतक विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता के बैंक के दस्तावेज व मोबाइल फोन को बरामद कर लिया गया है। जहां सुमित व अमन की निशानदेही पर लूटा गया जेवर व पैसा अमन कुमार जयसवाल के मधेपुरा स्थित घर व ससुराल से बरामद कर लिया गया है जबकि घटना में प्रयुक्त पिस्टल को साहिबगंज के मालगोदाम के पास से मिट्टी खोदकर बाहर निकल बरामद कर लिया गया है।जहां पिस्तौल बरामदगी को लेकर नगर थाना में अलग से कांड संख्या 197/25 दर्ज कर लिया गया है। इस छापेमारी दल में मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार सिंह, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, एसआई प्रकाश रंजन, आफताब अंसारी, मुरली मनोहर सिंह, तकनीकी टीम समेत अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

घटना में प्रयुक्त पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, लूटा हुआ दो मोबाइल फोन, लूटा हुआ 1,24,000 रुपया, दो सोना की अंगूठी, एक सोने का चैन, एक मंगलसूत्र, दो पासबुक, दो एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, पैन कार्ड, साइबर अपराधी का 5 मोबाइल फोन व आरोपियों का दो मोबाइल फोन भी बरामद किया।

## छात्राओं में सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है : चंदा




संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास के निदेर्शानुसार संत थॉमस बालिका उच्च विद्यालय, धर्मपुर पतना में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था चाइल्ड हेल्पलाइन और संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखरेख के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुआ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बच्चियों को कठिन परिस्थितियों में साहसपूर्वक खड़े होने अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की प्रेरणा दी गई।

संस्थागत देखरेख की चंदा कुमारी ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लक्ष्य लड़कियों के प्रति भेदभाव समाप्त करना, उन्हें शिक्षा से जोड़ना और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। यह योजना बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को निम्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। गुड टच बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, पीसीएस ओ एसीटी , किशोर न्याय अधिनियम नशा मुक्ति, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया, एंटी साइबर क्राइम तथा शिकायत हेतु टोल-फ्री नंबर 1930, महिला सुरक्षा हेतु वन स्टॉप सेंटर 181 टोल फ्री नंबर, मासिक धर्म स्वच्छता, जिससे बच्चियाँ स्वच्छ एवं स्वस्थ रह सकें।बच्चियों को बताया गया कि सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह, बाल श्रम और शोषण को समाप्त करने के लिए सिर्फ सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी भी अनिवार्य है।कार्यक्रम में चंदा कुमारी, शोभा कुमारी, मोहम्मद इकबाल, सुमन कुमार, आराधना मंडल, रितेश कुमार लोहानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**साहिबगंज :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर सोमवार को बोरियो थाना गेट के सामने एमवीआई टीम के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, पुलिस निरीक्षक बोरियो नुनुदेव राय, थाना प्रभारी बोरियो रोहित कुमार, आईटी सहायक राजहंस और थाना के पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 45 वाहनों की जाँच की गई जिसमें से 23 वाहनों का चालान काटा गया।

# समाज कल्याण विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक संपन्न

संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में वृद्धाश्रम, मूक-बधिर विद्यालय, बालक/बालिका गृह, रिमांड होम एवं समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने वृद्धाश्रम, मूक-बधिर विद्यालय, बालक/बालिका गृह, रिमांड होम संस्थानों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। वृद्धाश्रम में पेयजल आपूर्ति की समस्या पर गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए उन्होंने अविलंब पेयजल व्यवस्था सुचारू करने का निर्देश दिया। रिमांड होम में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु उन्होंने सोलर लाइट स्थापित कराने तथा सुरक्षा दृष्टिकोण से सभी आवश्यक बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाने से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया। मूकबधिर विद्यालय में प्रोजेक्टर एवं फि ल्टर लगाए जाने की सूचना भी बैठक में साझा की गई।




समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों को नियमानुसार शीघ्र भरने का निर्देश दिया। साथ ही पोषण ट्रैकर ऐप को नियमित रूप से अपडेट रखने की बात कही। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में किशोरियों का पंजीकरण अपेक्षाकृत कम है, उन्हें चिह्नित कर सभी पात्र लाभार्थियों को शीघ्रता से योजना के दायरे में लाया जाए।कन्यादान योजना के संदर्भ में भी उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप पात्र लाभुकों को अधिकतम संख्या में योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि जिन सहायिकाओं द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारीपूर्वक नहीं किया जा रहा है, उन्हें चयनमुक्त किया जाएगा। उन्होंने 10 दिनों से अधिक समय से बंद आंगनबाड़ी केंद्रों की जिम्मेदार सहायिकाओं को भी चयनमुक्त करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया।

गोपीकांदर प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्रों के कम दिनों तक संचालित होने पर उन्होंने सीडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा तथा 12 केंद्रों की सेविकाओं से भी स्पष्टीकरण करने को कहा। उन्होंने दो ऐसी एलएस की वेतन निकासी अगले आदेश तक रोकने का निर्देश दिया, जिनकी आंगनबाड़ी केंद्रों में विजिट 10 दिन से कम पाई गई।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से खुलें और सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जहां छोटे स्तर पर मरम्मती की आवश्यकता है, वहाँ प्रस्ताव भेजकर त्वरित मरम्मति कार्य कराया जाए।

बैठक में विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समग्र समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

न्यूज IN ब्रीफ

## झारखंड सिनियर महिला कुश्ती टीम अहमदाबाद रवाना



**दुमका :** 2025 सिनियर राष्ट्रीय पुरुष फ्रीस्टाइल/ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता जिसका आयोजन 12 से 14 दिसम्बर 2025 तक अहमदाबाद,गुजरात में आयोजित हो रहा है इस कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व दस दिवसीय विशेष कुश्ती प्रशिक्षण शिविर खेलगांव होटवार रांची में आयोजित किया गया था। इसके पश्चात झारखंड महिला कुश्ती टीम के खिलाड़ी जिसमें दस खिलाड़ी एवम् चार प्रशिक्षक शामिल हैं जो आज अहमदाबाद के लिए रांची से रवाना हुए।

उक्त प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना होने से पहले झारखण्ड खेल विभाग के सहयोग द्वारा खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, खेल किट देकर ,झारखंड सीनियर कुश्ती टीम को रवाना किया गया।

दुमका जिला कुश्ती संघ दोनों महिला पहलवान अंजू टुडू व ललिता कुमारी तथा अफरीद अहमद को आशीर्वाद दे कर दुमका रेलवे स्टेशन से प्रशिक्षण शिविर खेलगांव होटवार रांची के लिए भेजा और उपरोक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने की शुभकामनाएं प्रेषित की। जिनमें संरक्षक राधेश्याम वर्मा, अध्यक्ष डॉ.तुषार ज्योति, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, डॉ मनोज कुमार घोष,दुमका रेलवे स्टेशन प्रबंधक टी पी यादव,फरीद खान, अजय कुमार,नंदकिशोर राउत, अनिकेत झा,रिंकु मंडल आदि मौजूद थे। झारखंड के पहलवानो को सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने के लिए, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष-जीशान कमर,(भा.प्र.से.) खेल निदेशक- शेखर जमुआर (भा. प्र. से), अभिभावक-के रवि कुमार,(भा.प्र.से.),हमारे मार्गदर्शक-भोलानाथ सिंह,महासचिव-रजनीश कुमार,बिजय शंकर सिंह कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, एवं सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष/ सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार एवं खेल विभाग झारखंड के पदाधिकारीयों द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## सड़क निर्माण एजेंसी स्थानीय जरूरतों की अनदेखी कर रही है : ग्रामीण



**साहिबगंज/उधवा:** प्रखंड क्षेत्र के पतौड़ा पंचायत अंतर्गत पहाड़गांव ईदगाह मोड़ के पास चल रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में बाइपास मार्ग न बनाए जाने को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण एजेंसी स्थानीय जरूरतों की अनदेखी कर रही है। जिससे गांव की आवाजाही और सुरक्षा प्रभावित होगी। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने तीन प्रमुख मांगे रखी हैंउधवा चौक से आने वाले बाइपास मार्ग को ईदगाह मोड़ होते हुए पुल तक ले जाया जाए उधवा चौक के दूसरे हिस्से से आने वाले बाइपास का निर्माण कब्रिस्तान तक किया जाए और एनएच सड़क के नीचे ऐसी जल निकासी नाली बनाई जाए जिसमें पानी बहने के साथ-साथ लोगों का आवागमन भी संभव हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे पुनः सड़क पर उतरने को विवश होंगे। प्रदर्शन में बच्चों ने भी हिस्सा लिया। जिन्होंने मदरसा और ईदगाह की पहुंच बाधित होने की शिकायत की। वहीं ग्रामीणों द्वारा आवेदन देने की प्रक्रिया जारी है और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि भी उनके पक्ष में प्रशासन से समाधान की मांग कर रहे हैं। मौके पर मो. खालिक उर्फ टुन्नु, मो. मुरसलीम शेख, खैरुद्दीन शेख, शाकिर शेख, मुफ्ति अबु बकर, आबु कलम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




**साहिबगंज :** जिला उद्यान कार्यालय, साहिबगंज द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उद्यान विकास योजना अंतर्गत पाँच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बोरियो एवं साहिबगंज प्रखंड में किया गया है। यह प्रशिक्षण जेएसएलपीएस एवं जेटीडीएस के अभिसरण के माध्यम से चयनित 137 किसानों को तीन क्लस्टरों में प्रदान किया जाएगा।बोरियो प्रखंड के मोती पहाड़ी में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुखिया श्रीमती सेल्विना मरांडी एवं जिला उद्यान पदाधिकारी श्री अमितेश रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं, महिलाओं एवं किसानों को स्वरोजगार, कौशल विकास तथा अतिरिक्त आय के अवसर प्रदान करना है।ताकि वे मशरूम उत्पादन के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।मौके पर उद्यान विभाग से प्रेम पासवान, बागवान मित्र राजेंद्र साह, तथा प्रशिक्षु किसान महिषा पहाड़िया सुंदर पहाड़िया, सोनी पहाड़ीन चांदी पहाड़ीन, रानी पहाड़ीन सहित सभी चयनित किसान उपस्थित थे।

## जान से मारने की दी धमकी

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोलबंधा निवासी 25 वर्षीय एक विवाहिता ने गांव के ही गणेश तुरी पर जबरदस्ती करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।इसको लेकर उन्होंने एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि 20 नवंबर की शाम जब वह अपने घर पर बैठी थी तभी गणेश तुरी वहां पहुंचा और जबरदस्ती करने की कोशिश करने लगा।

# 2025 में सबसे ज्यादा सुना गया दो पत्ती का गाना रांझण




**कनिका** ढिल्लों और कृति सैनन निर्मित फिल्म दो पत्ती का गाना रांझण स्पॉटिफाई इंडिया का 2025 का सबसे ज्यादा सुना गया गाना बन गया है। कहानीकार और निमार्ता कनिका ढिल्लों एक और बड़ी उपलब्धि का जश्न मना रही हैं। उनकी हालिया नेटफ्लिक्स थ्रिलर फिल्म दो पत्ती, जो 2024 की सबसे ज्यादा स्ट्रीम की गई फिल्म भी रही, का दिल छू लेने वाला सॉन्ग रांझण अब स्पॉटिफाई इंडिया पर 2025 का सबसे ज्यादा स्ट्रीम किया गया गाना बन गया है। रांझण, जिसमें परंपरा टंडन की दिलकश आवाज, सचेत-परंपरा का संगीत और कौसर मुनीर के खूबसूरत बोल हैं, पूरे साल प्लेलिस्ट पर छाया रहा और 2025 का सबसे प्रभावी हार्टब्रेक एंथम बन गया।

यह सफलता कनिका ढिल्लों के प्रोडक्शन हाउस कथा पिक्चर्स के लिए एक बड़ी जीत है, जिसने कृति सैनन की ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स के साथ मिलकर दो पत्ती फिल्म निर्मित की। इससे पहले उनकी सह-निर्मित फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की सफलता ने भी कॉन्टेंट क्रिएशन में उनकी मजबूत पहचान बनाई है। दो पत्ती के साथ प्रोडक्शन में कदम रखते हुए कनिका ढिल्लों ने अपने करियर का एक नया अध्याय शुरू किया, एक ऐसा करियर जो हमेशा दमदार, भावनात्मक और बेजोड़ किरदारों के लिए जाना जाता है। उन्होंने मनमार्जियां, केदारनाथ, जजमेंटल है क्या से लेकर रश्मि रॉकेट जैसी विभिन्न शैलियों की फिल्में की हैं। फिर आई हसीन दिलरुबा, दो पत्ती और अब रांझण की लगातार मिल रही सफलता के बीच, कनिका ढिल्लों आज लेखक और निमार्ता, दोनों रूपों में नए मानक तय कर रही हैं। कनिका ढिल्लों ने कहा कि रांझण को मिला यह अपार प्यार मेरे लिए बेहद विनम्रता का क्षण है। एक लेखक और निमार्ता के रूप में हमारी कोशिश हमेशा ऐसी कहानियां कहने की रहती है, जो लोगों के दिल को छू जाएं। दो पत्ती को मिली इतनी प्रशंसा और इसके संगीत का भारत का सबसे ज्यादा सुना जाने वाला ट्रैक बनना, यह सब दर्शकों के प्यार का प्रमाण है। परंपरा, सचेत, कौसर मुनीर और निर्देशक बॉब, आप सबने मिलकर इस गाने को लोगों की यादों में हमेशा के लिए उतार दिया है।

# बेटी के जन्म के 5 महीने बाद काम पर लौटीं कियारा डेनिम शॉर्ट्स में दिखा न्यू मॉम का बोल्ड अवतार

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इन दिनों मदरहुड जर्नी को एंजॉय कर रही हैं। उन्होंने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा संग 15 जुलाई को एक प्यारी सी बेटी का स्वागत किया था, जिसका नाम उन्होंने सारायाह रखा है। वहीं, अब सारायाह के जन्म के करीब 5 महीनों बाद एक्ट्रेस काम पर लौट आई है। लंबे समय बाद काम पर लौटी कियारा को हाल ही में मुंबई में स्पॉट किया गया। यह पहली झलक है, जब से उन्होंने बेटी सारायाह का स्वागत किया है। फैंस के लिए यह पल खास रहा क्योंकि वे काफी समय से कियारा की वापसी का इंतजार कर रहे थे।

सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि मां बनने के बाद पहली बार पब्लिक प्लेस पर स्पॉट



**इससे पहले 28 फरवरी को कपल ने बेबी सॉक्स की तस्वीर शेयर करके प्रेग्नेंसी की जानकारी दी थी। 15 जुलाई को उन्होंने बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस को दी थी।**

हुईं कियारा बेहद बोल्ड अंदाज में नजर आईं। ब्लू ऑफ-शोल्डर शर्ट, डेनिम शॉर्ट्स और व्हाइट स्नीकर्स में उनका काफी बोल्ड अवतार देखने को मिला। इस दौरान न्यू मॉम में पैपराजी को चेहरे पर प्यारी सी स्माइल के साथ कई पोज दिए और बेटी का हाल-चाल भी बताया। 8पिछले महीने अनाउंस किया था बेटी का नामः बता दें सिद्धार्थ और कियारा ने पिछले महीने अपनी बेटी का नाम अनाउंस किया था। इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी बच्ची का नाम सारायाह रखा है। शेयर की गई फोटो में दोनों अपनी बेटी के छोटे से पैरों को हथेलियों में थामे नजर आए थे। इससे पहले 28 फरवरी को कपल ने बेबी सॉक्स की तस्वीर शेयर करके प्रेग्नेंसी की जानकारी दी थी। 15 जुलाई को उन्होंने बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस को दी थी।

# मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद गोस्वामी की क्योंकि सास भी कभी बहू थी में एंट्री

**स्टार प्लस** का आइकॉनिक शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी में मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद गोस्वामी की एंट्री हो गयी है। शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब एक नए और मजेदार मोड़ की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि मशहूर गुजराती अभिनेता श्रुहद गोस्वामी शो में खास एपिसोड्स के लिए एंट्री करने वाले हैं। गुजराती सिनेमा और टीवी में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले श्रुहद गोस्वामी को, धार्मिक हिट फिल्म लालो, कृष्ण सदा सहायते में कृष्ण का किरदार निभाने के लिए खूब सराहा गया है। अब जब वे हिंदी टीवी की दुनिया में कदम रख रहे हैं, तो उनकी एंट्री से कहानी में एक ताजा और दिलचस्प बदलाव आने की उम्मीद है।



श्रुहद गोस्वामी, जिन्होंने अपनी शानदार एक्टिंग और मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस से अपनी अलग पहचान बनाई है, अब आने वाले एपिसोड्स में एक महत्वपूर्ण किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि उनके किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन खबरें हैं कि उनकी एंट्री से चल रही कहानी में बड़ा बदलाव आएगाऔर मुख्य किरदारों की भावनाओं से भरी कहानी और भी गहराई लेगी। इस समय क्योंकि सास भी कभी बहू थी की कहानी में ड्रामा और भी बढ़ गया है। तुलसी, मिहिर और नोइना की एक साथ तस्वीर देखने के बाद से अंदर से बहुत परेशान है। इस अचानक मिली तस्वीर ने उसे भावनात्मक रूप से हिला दिया है और आने वाले एपिसोड्स में गलतफहमियों और टकराव की झलक भी दे दी है। जैसे-जैसे तनाव बढ़ रहा है और रिश्ते परीक्षा से गुजर रहे हैं, दर्शकों के लिए आगे के एपिसोड्स में कई रोमांचक पल देखने को मिलेंगे। कहानी के इतने अहम मोड़ पर श्रुहद गोस्वामी की एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सब यह जानने के लिए बेताब हैं कि उनका किरदार विरानी परिवार में चल रहे तनाव से कैसे जुड़ने वाले है। उनकी मौजूदगी से कहानी में और गहराई, रहस्य और नई ऊर्जा आने की उम्मीद है, जिससे शो का ड्रामा और भी जबरदस्त होने वाला है।

# वध 2 के नए पोस्टर्स जारी, दो महीने बाद पर्दे पर लौटेगी पावरफुल जोड़ी




**संजय** मिश्रा और नीना गुप्ता स्टारर वध 2, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है, 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है। लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता

**वध 2 के नए पोस्टर्स जारी:** फिल्म के रिलीज में अब सिर्फ दो महीने बचे हैं और इसी बीच मेकर्स ने वध 2 के नए पोस्टर्स जारी कर उत्सुकता और बढ़ा दी है, जो दर्शकों के लिए एक खास तोहफा बनकर आए हैं। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है।

हमारे लिए यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज किए गए, ठीक वही तारीख जब 2022 में पहली वध रिलीज हुई थी। इस अनपेक्षित मेल ने फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए इसमें एक हल्का-सा पुरानी यादों से जुड़ा पल जोड़ दिया है।

**56वें आईएफएफआई 2025 में दिखाए जाने के बाद सराहनाः** वध 2 को 56वें आईएफएफआई 2025 में दिखाए जाने के बाद से ही खूब सराहना मिल रही है। गाला प्रीमियर सेक्शन में इसकी स्क्रीनिंग हाउसफुल रही और दर्शकों ने तालियों और सच्ची तारीफ के साथ फिल्म को रिस्पॉन्स दिया। इस रिस्पॉन्स ने एक बार फिर साबित कर दिया कि संजय मिश्रा और नीना गुप्ता भारत के सबसे बेहतरीन कलाकारों में से क्यों गिने जाते हैं। लव फि ल्म्स के बैनर तले बनी वध 2 को जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है, जबकि लव रंजन और अंकुर गर्ग इसके निर्माता हैं। फिल्म 6 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

# मनीष पॉल ने दिवंगत धर्मेंद को समर्पित किया अवार्ड



**जाने माने** अभिनेता और एंकर मनीष पॉल ने अपना मोस्ट आइकॉनिक सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र समर्पित कर दिया। बॉलीवुड हंगामा इंडिया एंटरटेनमेंट अवॉर्ड्स 2025 में जब मनीष पॉल मोस्ट आइकॉनिक सपोर्टिंग एक्टर का सम्मान लेने मंच पर पहुंचे, तो यह क्षण सभी के लिए दिवंगत महान अभिनेता धर्मेंद्र को समर्पित एक मार्मिक श्रद्धांजलि में बदल गया। मनीष पॉल ने लगभग 20 साल पुरानी एक निजी याद को सबके सामने रखते हुए कहा कि 20 साल पहले, मेरे मामा बहुत डरे हुए थे कि ये मुंबई जा रहा है, किसी को नहीं जानता, लेकिन मां का विश्वास अडिग था। उन्होंने कहा था, कोई नहीं, घबराना मत, वहां जाकर कोई भी दिक्कत हो तो धर्मेंद्र जी के पास चले जाना।

खाने की कोई दिक्कत हो तो धर्मेंद्र जी के यहां चले जाना। मनीष ने बताया कि किस तरह धर्मेंद्र ने उन्हें मुस्कुराकर आशीर्वाद दिया था कि जहां का पानी पीता है, वहां तू राज करेगा और इस तरह उनका वह आशीर्वाद मनीष के लिए उम्मीद बन गई। मनीष पॉल ने कहा कि यह अवॉर्ड उनके लिए मेरी तरफ से एक छोटा-सा ट्रिब्यूट है। मैं उन्हें हर दिन याद करता हूं और करता रहूंगा, लेकिन मुस्कुराकर। मुझे यकीन है फिल्म इंडस्ट्री भी हमेशा धर्मेंद्र जी की विरासत का जश्न मनाती रहेगी। मनीष पॉल के लिए यह श्रद्धांजलि सिर्फ एक करियर ब्रेक या मौके का सम्मान नहीं था, बल्कि उस भरोसे और अपनेपन के प्रति आभार था, जो धर्मेंद्र ने साधारण पृष्ठभूमि से आए एक नौजवान पर जताया था। फिलहाल 24 नवंबर को हुए धर्मेंद्र के निधन के बाद पूरे बॉलीवुड में शोक और स्मृतियों की लहर दौड़ पड़ी है। ही-मैन के नाम से मशहूर धर्मेंद्र छह दशकों में 300 से अधिक फिल्मों की विरासत छोडकर गए हैं, लेकिन सच तो यह है कि धर्मेंद्र सिर्फ एक महान कलाकार नहीं थे, बल्कि उससे भी बढकर एक अत्यंत उदार, विनम्र और इंसानियत से भरे हुए व्यक्ति थे, जिनकी गर्मजोशी शोहरत से कहीं ऊपर थी। ऐसे में इंडस्ट्री के साथियों, परिवार और प्रशंसकों की श्रद्धांजलियों के बीच मनीष पॉल की यह पेशकश लोगों को उनकी दरियादिली की याद हमेशा दिलाती रहेगी।

# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल में भारत को तीन मेडल



**-सिमरनप्रीत कौर ने 25 मीटर पिस्टल में जीता गोल्ड**
**-ऐश्वर्य को 50 मीटर राइफल तीन पोजीशन में सिल्वर**
**- अनीश ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में जीती चांदी**

**एजेंसी/ दोहाः** दोहा में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2025 में भारत की युवा शूटर सिमरनप्रीत कौर ने 25 मीटर पिस्टल इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। फाइनल में उन्होंने 41/50 स्कोर करते हुए जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की। वहीं, मनु भाकर क्वॉलिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं और फाइनल से बाहर हो गईं। पुरुषों के 50 मीटर राइफल तीन पोजीशन में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने सिल्वर जीता, जबकि अनीश भनवाला ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में सिल्वर जीता। इसके साथ ही भारत के छह मेडल हो गए हैं। 21 साल की सिमरनप्रीत ने फाइनल राउंड में शानदार प्रदर्शन किया। उनका 41/50 का स्कोर रिपब्लिक ऑफ कोरिया की पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन यांग जी-इन के बनाए गए जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड के बराबर रहा। यांग चौथे स्थान पर रहीं। चीन की याओ कियानशुन ने 36/50 के साथ सिल्वर और जर्मनी की डोरीन वेनकैंप ने 30/45 के साथ ब्रॉन्ज जीता। पुरुषों के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने अपना पहला वर्ल्ड कप फाइनल मेडल जीता।

# बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर का जलवा, कमाई 100 करोड़ पार



**आदित्य** धर के निर्देशन में बनी रणवीर सिंह की जासूस थ्रिलर धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस ने पहले वीकेंड में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने पहले दिन 28 करोड़, दूसरे दिन 33 करोड़ और तीसरे दिन 43 करोड़ रुपए की कमाई की, जिससे कुल कमाई 103 करोड़ रुपए हो गई है। यानी कि धुरंधर ने अपने पहले वीकेंड में ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है।

मल्टीप्लेक्स और सिंगल स्क्रीन दोनों में अहम ग्रोथ देखी गई, जो शहरी और आम दर्शकों दोनों के बीच फिल्म की अपील को उजागर करता है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार के अंत तक फिल्म की घरेलू अनुमानित कमाई 69.75 करोड़ रुपए थी। यह रणवीर सिंह की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन सकती है। फिल्म पाकिस्तान में अंडरवर्ल्ड की कहानी पर आधारित है, जिसमें अपराधियों, मुखबिरों और जासूसों का एक जाल दिखाया गया है जो गुप्त अभियान में काम करते हैं। इस एक्शन से भरपूर फिल्म में संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना, आर. माधवन और सारा अर्जुन जैसे कलाकारों ने रणवीर सिंह का साथ दिया है।

# अबू धाबी ग्रां प्री में दीपिका का ग्लैमरस लुक, हाई-नेक मैक्सी ड्रेस के साथ जैकेट कैरी कर दिखाया जलवा



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण, जो इन दिनों निर्देशक एटली की साइ-फाई एक्शन फिल्म में आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन के साथ काम कर रही हैं। इस वीकेंड वह अबू धाबी ग्रां प्री में नजर आईं, जहां उन्होंने अपने ग्लैमरस लुक से सबका दिल जीत लिया। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सूर्यास्त की रोशनी में चलती हुई दीपिका का एंट्री मोमेंट खुद एक फैशन फ्रेम जैसा लग रहा है। इस इवेंट में दीपिका ने डिजाइनर हाई-नेक मैक्सी ड्रेस पहनी। ड्रेस का सिल्हूट बेहद स्मूथ और फ्लोई लग रहा है। ड्रेस के फॉल और फिट ने दीपिका के फिगर को खूबसूरती से उभारा। ड्रेस के साथ दीपिका ने एक लेदर एविएटर जैकेट कैरी की, जिसने पूरे लुक को एकदम नया मोड़ दे दिया। इस दौरान उनका मेकअप और मैसी बाल उनके लुक को और भी निखार रहे हैं। काम की बात करें तो दीपिका एक साथ दो मेगा-फिल्मों की शूटिंग में बिजी हैं। एक एटली की साइ-फाई एक्शन फिल्म, जिसमें वह अल्लू अर्जुन के साथ नजर आएंगी और दूसरी शाहरुख खान व सिद्धार्थ आनंद की किंग।

# बड़ौदा के अमित ने की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी टी-20 डेब्यू में 55 गेंदों पर जड़े 114 रन

**,नई दिल्लीः** बड़ौदा के विकेटकीपर बल्लेबाज अमित पासी ने अपने टी-20 डेब्यू में ही दशकभर पुराने वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में सर्विसेज के खिलाफ मैच से अपना टी20 डेब्यू किया। डेब्यू मैच में ही उन्होंने शानदार शतक जड़ दिया। उन्होंने 55 गेंदों में 114 रन की पारी खेली। इस तरह उन्होंने टी-20 डेब्यू में सबसे ज्यादा रन बनाने के पाकिस्तान के बिलाल आसिफ के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

पाकिस्तानी बल्लेबाज ने 2015 में फॉल्कंस के खिलाफ सियालकोट स्टैलियंस की तरफ से डेब्यू किया था और उसने भी 114 रन बनाए थे। पासी अपने टी20 डेब्यू मैच में शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। बड़ौदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 220 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में सर्विसेज की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 207 रन ही बना सकी और 13 रन



# लड़की के स्तन पकड़ना रेप का प्रयास नहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि यौन हमले से जुड़े मामलों में की गई असंवेदनशील न्यायिक टिप्पणियां पीड़िता, उसके परिवार और समाज पर गंभीर और भयावह प्रभाव डाल सकती हैं। अदालत ने संकेत दिया कि ऐसी टिप्पणियों पर लगाम लगाने के लिए उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए जा सकते हैं। यह टिप्पणी शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए की, जिसमें कहा गया था कि नाबालिग लड़की के स्तनों को पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना, कपड़े उतारने की कोशिश करना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास के दायरे में नहीं आता।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान वकीलों ने कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न हाईकोर्ट ने यौन हमले के मामलों में कई अनुचित मौखिक और लिखित टिप्पणियां की हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने बताया कि हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में यह टिप्पणी की थी कि रात का समय आरोपी के लिए एक आमंत्रण जैसा था। उन्होंने कलकत्ता और राजस्थान हाईकोर्ट के कुछ अन्य मामलों का भी उल्लेख किया। एक अन्य वकील ने जिला अदालत के एक मामले की जानकारी दी, जहां बंद कमरे में होने वाली कार्यवाही में कई लोग मौजूद थे और सुनवाई के दौरान पीड़िता को कथित तौर पर परेशान किया गया।

इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि ऐसे सभी उदाहरण प्रस्तुत किए जाते हैं, तो अदालत व्यापक दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर सकती है। उन्होंने कहा कि असंवेदनशील टिप्पणियां न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को प्रभावित करती हैं, बल्कि समाज पर भी गलत असर डालती हैं। कभी-कभी ऐसे व्यवहार पीड़ितों पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने के लिए भी किए जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जहां एक ओर ये टिप्पणियां हाईकोर्ट स्तर पर सामने आती हैं, वहीं जिला अदालतों में भी इस तरह की बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पीठ ने अगली सुनवाई से पहले वकीलों से संक्षिप्त लिखित सुझाव देने का अनुरोध किया।

## नहीं थम रहा इंडिगो संकट, दिल्ली-अहमदाबाद सहित कई शहरों से उड़ानें रद्द




**नई दिल्ली:** निजी क्षेत्र की विमानन सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो की उड़ानें रद्द होने का क्रम मंगलवार को भी जारी रहा। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कम से कम 13 उड़ानें या तो रद्द हैं या नहीं चल रही हैं। इनमें आठ प्रस्थान उड़ानें और पांच आगमन उड़ानें हैं। इसी तरह से अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आज सुबह आठ बजे तक 16 उड़ानें रद्द होने का ऐलान किया गया। इनमें नौ आगमन और सात प्रस्थान उड़ानें हैं। अन्य शहरों से भी इसी तरह उड़ानें के रद्द होने का समाचार है। उल्लेखनीय है कि इस महीने अब तक इंडिगो की पांच हजार से अधिक उड़ानें रद्द रही हैं।

उधर, कन्याकुमारी से लोकसभा सांसद विजय कुमार (विजय वसंत) ने इंडिगो उड़ान संकट पर मंगलवार को संसद में चर्चा की मांग करते हुए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। सांसद वसंत ने इस नोटिस में सरकार पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि सरकार ने यह जानते हुए भी कि एयरलाइन परिचालन संकट में आने वाला है, कोई कार्रवाई करने में विफल रही। बिना किसी चेतावनी के एक सप्ताह में एक हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे लाखों यात्री फंस गए। उन्होंने अपने नोटिस में लिखा कि सरकार और डीजीसीए को रोस्टरिंग और परिचालन संबंधी समस्याओं की पहले से जानकारी थी, लेकिन उन्होंने स्थिति बिगड़ने तक हस्तक्षेप करने का इंतजार किया। सांसद वसंत ने संकट के दौरान अन्य एयरलाइनों के हवाई किराए को महंगा करने की भी आलोचना की और सरकार की देरी को सार्वजनिक कर्तव्य की गंभीर उपेक्षा बताया।



## यूपी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मुठभेड़ में मार गिराया इनामी डकैत, 23 से ज्यादा केस थे दर्ज

**शामली :** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में हुई पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार रुपए का इनामी डकैत समयदीन उर्फ सामा को मार गिराया गया। समयदीन मूल रूप से कांधला कस्बे का रहने वाला था, लेकिन लंबे समय से कर्नाटक के तुमकुर में छिपकर रह रहा था। उस पर उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में 23 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। समयदीन अक्टूबर में कांधला में मारे गए एक लाख के इनामी नफीस का साथी रह चुका था। नफीस के एनकाउंटर के बाद सामा पंजाब भाग गया था और वहां से लगातार पुलिस की पकड़ से बचता रहा।

पुलिस को सूचना मिली कि थानाभवन थाना क्षेत्र के भेसानी के जंगलों में स्थित एक भट्टे पर समयदीन अपने साथियों के साथ डकैती की योजना बना रहा है। मौके पर टीम ने घेराबंदी की, लेकिन जैसे ही पुलिस आगे बढ़ी, बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में समयदीन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाबरी थाना प्रभारी राहुल सिसोदिया की जैकेट पर भी गोली लगी, लेकिन वह सुरक्षित हैं। घटनास्थल से दो पिस्तौल, एक तमंचा और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार मौके पर करीब छह बदमाश मौजूद थे। गोलीबारी के बाद समयदीन के पांच साथी भागने में सफल रहे। पुलिस उनकी तलाश में जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

एसपी एनपी सिंह ने बताया, हमें सूचना मिली थी कि भट्टे के अंदर गैंग बैठा हुआ है। जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी की, बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। हमारी जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। एक पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। आज एक बड़े बदमाश का अंत हुआ है।

समयदीन पर उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में 23 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। पुलिस के अनुसार वह कई राज्यों में सक्रिय गिरोहों के साथ मिलकर डकैतियां और लूट की घटनाएं अंजाम देता था।

### ड्रैगन को विदेश मंत्रालय ने दिया कड़ा संदेश

## भारतीयों के साथ सही से बर्ताव करे चीन, ट्रैवल एडवाइजरी भी जारी

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने सोमवार को चीन को कड़े शब्दों में एक संदेश जारी किया है। संदेश में चीन से शंघाई एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश की एक महिला के साथ हाल ही में हुई छेड़छाड़ के बाद भारत को भरोसा देने को कहा गया। यह बयान शंघाई एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश की एक महिला के साथ छेड़छाड़ की खबरें आने के बाद, ट्रांजिट में भारतीय यात्रियों की मनमानी जांच और उनके साथ बुरे बर्ताव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बाद आया है।



इस मामले पर जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि चीनी अधिकारी भरोसा देंगे कि चीनी एयरपोर्ट से आने-जाने वाले भारतीय नागरिकों को चुनकर टारगेट नहीं किया जाएगा। भारतीय यात्रियों को मनमाने ढंग से हिरासत में नहीं लिया जाएगा या परेशान नहीं किया जाएगा। साथ ही, चीनी पक्ष इंटरनेशनल हवाई यात्रा को कंट्रोल करने वाले नियमों का सम्मान करेगा। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों के लिए एक ट्रैवल एडवाइजरी भी जारी की। इसमें भारतीय नागरिकों से सावधान रहने की अपील की गई। जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय भारतीय नागरिकों को सलाह देगा कि चीन जाते समय या देश से गुजरते समय वे पूरी समझदारी से काम लें।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अहम हिस्सा है और रहेगाः श्री जायसवाल ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर भी अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हमने कई बार कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अहम हिस्सा है और रहेगा। हम इसमें कोई दखल नहीं चाहते। चीन-भारत रिश्ते पर उन्होंने कहा कि यह रिश्ता धीरे-धीरे सकारात्मक दिशा में बढ़ रहा है और हम इसे उसी दिशा में आगे बढ़ाते रहना चाहते हैं।

## बस-ऑटो की टक्कर में 3 लोगों की मौत,सात घायल, मची चीख-पुकार

**वैशाली:** बिहार के वैशाली से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। यहां हाजीपुर-लालगंज एसएच-74 पर बस-ऑटो की भिंड़त में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि सात लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। वहीं इस हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई है। टक्कर इतनी खौफनाक थी कि बस-ऑटो दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। मिली जानकारी के अनुसार, करताहां थाना क्षेत्र के कंचनपुर धनुषी गांव के पास की है। मृतकों की पहचान हाजीपुर काजीपुर थाना क्षेत्र के श्यामचक निवासी दिलशेर, वैशाली थाना क्षेत्र के रहिमापुर निवासी राजीव कुमार और शंभू साह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कंचनपुर धनुषी के पास बस-ऑटो की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। वहीं हादसे में 3 लोगों की जान चली गई जबकि 7 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।


सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस सड़क हादसे की जांच में जुट गई है।

## सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी ट्राइफोल्ड




**रांची:** सैमसंग ने नया फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी ट्राइफोल्ड पेश किया है, जिसमें डुअल-हिंज और मल्टी-फोल्डिंग डिजाइन है और खुलने पर 10-इंच का डिस्प्ले मिलता है। फोन की मोटाई 3.3 मिमी है और इसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट प्रोसेसर, 200 मेगापिक्सल कैमरा और 5600ए थ्री-सेल बैटरी दी गई है। सैमसंग के डिवाइस एक्सपीरियंस डिविजन के प्रमुख टीएम रोह के अनुसार, यह फोन पोर्टेबिलिटी, परफॉर्मेंस और मल्टीटास्किंग का संतुलित अनुभव देता है। इसमें गैलेक्सी एआई और डेक्स सपोर्ट भी है, जिससे मल्टीटास्किंग और पोर्टेबल वर्कस्पेस का फायदा मिलता है।

## जहरीली हवा का कहर जारी, दिल्ली-एनसीआर में दिसंबर की शुरूआत से एक्यूआई गंभीर




**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। दिसंबर के पहले हफ्ते से ही राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों की हवा बेहद गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में एयर क्वालिटी सूचकांक यानी एक्यूआई 320 से 370 के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है, जो हेल्थ के लिए बेहद ही नुकसानदायक माना जाता है। नोएडा और गाजियाबाद में भी हालात कुछ बेहतर नहीं हैं, यहां अब कई इलाकों में हवा सांस लेने लायक नहीं बची है। जहरीली हवा का सीधा असर लोगों की सेहत पर दिखने लगा है।

अस्पतालों में सांस की बीमारी, अस्थमा, एलर्जी, आंखों में जलन और गले में खराश की शिकायत लेकर आने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि डॉक्टरों का कहना है कि प्रदूषण का असर खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे मरीजों पर ज्यादा पड़ रहा है। दिल्ली के अहम एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशनों से मिले आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। आनंद विहार में एक्यूआई 354, अशोक विहार में 337, बवाना में 367, बुराड़ी क्रॉसिंग में 327, चांदनी चौक में 321, सीआरआरआई मथुरा रोड पर 301 और डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर 330 दर्ज किया गया है।

### वर्क फ्रॉम होम पोस्ट पर किया क्लिक

## पहले महिला ने कमाए 3900 रुपए, उसके बाद बैंक खाते से साइबर ठगों ने उड़ा दिए 31 लाख

**नई दिल्ली:** कर्नाटक के उडुपी शहर में साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला के बैंक खाते से कुल 31 लाख रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ठगी की शुरूआत उस समय हुई जब महिला ने 29 नवंबर को फेसबुक पर एक पोस्ट देखी, जिसमें वर्क फ्रॉम होम करते हुए कमाई का दावा किया गया था। महिला ने पोस्ट पर क्लिक किया, जिसके बाद उसे एक व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को एनएसई कॉपोरेट ऑफिस का एचआर बताया।



उस व्यक्ति ने महिला से व्हाट्सऐप पर बात करने को कहा और फिर बातचीत टेलिग्राम ग्रुप में शिफ्ट हो गई। यहां महिला को एक डिजिटल फॉर्म भरने के लिए दिया गया और बताया गया कि सरल टास्क पूरा कर वह अच्छी कमाई कर सकती है। शुरूआत में स्कैमर्स ने महिला का भरोसा जीतने के लिए छोटे-छोटे टास्क के बदले कुछ रकम वापस भेजी। महिला ने पहले 1,000 और 2,000 रुपये वढक दफ कोड के जरिए भेजे, जिसके बदले उसे 3,900 रुपये मिले। इससे उसे लगा कि यह काम सही है।

इसके बाद उसे रातों-रात अमीर बनने का लालच दिया गया और अधिक पैसे निवेश करने पर बड़ा मुनाफा मिलने का दावा किया गया। भरोसा करते हुए महिला ने अलग-अलग बैंक अकाउंट्स में कुल 31 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बड़ी रकम प्राप्त होते ही साइबर ठगों ने अपने सभी नंबर बंद कर दिए और महिला को कोई रिटर्न नहीं मिला। काफी कोशिशों के बाद भी जब संपर्क नहीं हो पाया, तब महिला को समझ आया कि वह ठगी का शिकार हो चुकी है। इसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सरकारी एजेंसियां भी इस तरह के टास्क स्कैम से सतर्क रहने की सलाह देती हैं।

# देश में जल्द खुलेगा सी-130जे सुपर हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट का एमआरओ सेंटर, अब नहीं जाना पड़ेगा अमेरिका

**नई दिल्ली:** भारतीय वायुसेना के सबसे भरोसेमंद विमान सी-130जे सुपर हरक्यूलिस की अब भारत में ही भारी मरम्मत, रखरखाव और ओवरहॉल होगा। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (टीएएसएल) और अमरीकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने शुक्रवार को एक नए डिफेंस एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सेंटर की नींव रखी। यह भारत का सबसे आधुनिक एमआरओ प्लांट होगा, जो सिर्फ भारतीय वायुसेना ही नहीं, एशिया-प्रशांत के दूसरे देशों के सी-130जे विमानों की भी सर्विस करेगा। भारत ने 14 साल पहले 2011 में पहला सी-130जे लिया था। आज हमरे पास ऐसे 12 विमान हैं। इस एमआरओ सेंटर का कंस्ट्रक्शन 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। 2027 के शुरू में पहला सी-130जे विमान मरम्मत के लिए आएगा।




यह डिपो-लेवल और हेवी मेंटेनेंस, कंपोनेंट रिपेयर, ओवरहॉल, और स्ट्रक्चरल चेक और टेस्टिंग, स्ट्रक्चरल रेस्टोरेशन और एवियोनिक्स अपग्रेड, इंडियन इंजीनियरों और मेंटेनर्स के लिए एक्सटेंडेड ट्रेनिंग, और सी-130 सप्लाई चेन में इंडियन सप्लायर्स के लिए नए मौके देगी। लॉकहीड मार्टिन के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर फैंक सेंट जॉन ने कहा कि आज का ग्राउंडब्रेकिंग दिखाता है कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत के साथ हमारा कोलेबोरेशन कितना आगे बढ़ चुका है, और हम साथ मिलकर कहां जा रहे हैं। सात दशकों से ज्यादा समय से, हम भारत के बढ़ते एयरोस्पेस और डिफेंस इंडस्ट्रियल बेस के साथ-साथ आगे बढ़े हैं।

समय और पैसा बचेगाः अब सी-130जे की भारी मरम्मत के लिए विमान को अमेरिका नहीं भेजना पड़ेगा। इससे समय और पैसा बचेगा। साथ ही हजारों नई हाई-स्किल जॉब्स आएंगी। यह सेंटर सिर्फ भारतीय विमानों को नहीं बल्कि दूसरे एशियाई देशों के विमानों को भी सुविधा और सेवा प्रदान करेगा। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को सबसे बड़ी ताकत मिलेगी।

न्यूज IN ब्रीफ

## हर व्यक्ति को है शिक्षा और स्वास्थ्य का अधिकार : रूना मिश्रा




**रांची :** 10 दिसंबर को राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पूरे देश में मनाया जाता है । जो कि हमें बताता है कि भारत का संविधान भारत के हरेक नागरिक को कई अधिकार प्रदान करता है । रांची की रहने वाली अधिवक्ता सह समाज सेवी रूना मिश्रा भी मानवाधिकार को लेकर बीते कई वर्षों से कार्य करते आ रही है जिसने उनका मुख्य उद्देश हर जरूरत की मदद करना है और लोगों को मानवाधिकार को लेकर जागरूक करना है । गौरतलब हो कि ठंढ और शीतलाहरी के मद्देनजर ग्रामीणों के डिमांड पर अनगड़ा प्रखंड के खिजरी विधानसभा अंतर्गत जोन्हा के कामता गांव में 100 कम्बल का वितरण किया और सरकार से अपील की वो शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सुदूर इलाको की ओर भी ध्यान केन्द्रित करे ताकि उन सभी ग्रामीण लोगों को भी राहत पहुंचाई जा सके । साथ ही साथ उन तक सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाना चाहिए । शिक्षा के क्षेत्र में भी रूना मिश्रा ने कई जरूरत मंद बच्चों को लॉ इंजरिंग और एमबीए की पढ़ाई करवाई है जिससे गरीब बच्चे आत्मनिर्भर बन के अपने अपने क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे है । मानवाधिकार दिवस के अवसर पर रूना मिश्रा सरकार से अपील करती है कि वे शिक्षा स्वास्थ्य और कानून से जुड़े मुद्दों पर राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करे और उनके अधिकार के बारे में उन्हें अवगत करवाया जाए । सरकार का छोटा सा प्रयास लोगों के जीवन में कई सकारात्मक बदलाव ला सकता है ।

## चौक बाजार में अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती दुकानदारों को दी गई कड़ी चेतावनी




**साहिबगंज :** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत चौक बाजार में सोमवार,08 दिसंबर 2025 को अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया गया।इस दौरान बाजार के सभी दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि वे अपने सामान केवल दुकान के अंदर ही रखें नाली और सड़क का अतिक्रमण किसी भी स्थिति में न करें।अभियान के क्रम में पूर्वी फाटक से साक्षरता मोड़ तक दुकानों के ट्रेड लाइसेंस की भी गहन जांच की गई।जिन दुकानदारों के पास वैध ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया,उन्हें शीघ्र लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया गया।नगर परिषद की टीम ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में सड़क या नाली पर अतिक्रमण पाया गया,तो संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में व्यवस्था सुधार और आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

## कांग्रेस नेता के स्मृति में लगा रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर

**जमशेदपुर :** कांग्रेस नेता स्वर्गीय भोगेंद्र मिश्रा के स्मृति में मंगलवार को जुगसलाई नगर परिषद के सभागार में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दर्जनों मरीज की आंख, दांत, ब्लड प्रेशर, शुगर एवं अन्य बीमारियों की जांच की है। रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर में सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, अध्यक्ष सरदार शैलेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता केके शुक्ला, सैल्यूट तिरंगा के रवि शंकर तिवारी समेत दर्जनों लोगों ने भाग लेकर युवाओं को रक्तदान किया प्रति जागरूक किया।

## श्री राजस्थान शिवमंदिर जुगसलाई में 26 से होगी नानी बाई रो मायरो की कथा

**जमशेदपुर :** शहर की पुरानी और लब्ध प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राजस्थान शिवमंदिर जुगसलाई अपनी स्थापना के सौ वर्षों के गौरवशाली सफर के 2026 में पूरे होने के अवसर पर वर्ष व्यापी भव्य कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रहा है। शताब्दी वर्ष समारोहों की कड़ी में तीसरा आयोजन नानी बाई रो मायरो की आध्यात्मिक उर्जा से भरपूर कथा होगा। यह आयोजन श्री राजस्थान शिवमंदिर जुगसलाई जमशेदपुर के भव्य शीत ताप बैंक्वेट हाल नारायणम में 26 से 30 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से होगा। नानी बाई रो मायरो की कथा राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथा वाचक खाचरियावास निवासी चंद्र प्रकाश शास्त्री सुनाएंगे।
इस कथा का सार संक्षेप यह है कि राजस्थान में बहुत ही बड़े श्रीकृष्ण भक्त थे नरसी मेहता। जिनके पास श्री कृष्ण भक्ति की अपार भक्ति थी। लेकिन वे अत्यंत निर्धन थे। एक समय उनकी पुत्री नानी बाई की पुत्री के विवाह का समय आया ओर नानी बाई ने अपने पिता भक्त शिरोमणि नरसी मेहता को विवाह की खबर देते हुए मायरो भरने के लिए भी न्योता दिया। अब भक्त नरसी मेहता तो बहुत गरीब थे, बेटी नानी बाई के यहां मायरा कहां से भरते। तब उन्होंने मायरा भरने के लिए अपने आराध्य श्रीकृष्ण से गुहार लगाते हुए अपनी और अपनी बेटी नानी बाई की उसके सुसराल में लाज बचाने हेतु प्रार्थना की।इस प्रार्थना को सुन भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं नानी बाई के सुसराल में पहुंच कर कैसे 56 करोड़ का मायरा भरने के साथ ही भक्त नरसी मेहता और नानी बाई की लाज बचाई। इसी मार्मिक प्रसंग पर आधारित है यह कथा।

## हेमंत सरकार पिछड़ा विरोधी, चार साल बाद भी नहीं हुआ सर्वेः पूर्णिमा

**जमशेदपुर :** ओबीसी आरक्षण को लेकर सरकार की गंभीरता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू द्वारा विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के जवाब में सरकार ने स्वीकार किया कि 2019 में शुरू हुआ आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण कोरोना महामारी के कारण पूरा नहीं हो सका। सरकार के इसी उत्तर को विपक्ष ने उसकी मंशा पर बड़ा प्रश्नचिह्न बताया है। पूर्णिमा साहू ने सरकार के जवाब को हास्यास्पद और बहानेबाजी करार दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना खत्म हुए चार साल से अधिक हो चुके हैं, फिर भी सरकार सर्वेक्षण पूरा न होने का कोई ठोस कारण बताने में असफल रही। यह सरकार पिछड़ा विरोधी है। यदि सरकार की नीयत सही होती तो सर्वेक्षण पूरा कर ओबीसी को जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण दे दिया जाता।

# धनबाद का यह इलाका खतरे से खाली नहीं, घरों पर चिपकाया गया नोटिस

संवाददाता

**धनबाद :** जिला के केंदुआडीह में गैस रिसाव को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन लगातार लोगों को आगाह कर रही है। इसी दिशा में बीसीसीएल प्रबंधन ने आज सोमवार के दिन को गैस से प्रभावित इलाके के उन सभी घरों की दीवार पर नोटिस चिपकाया। बीसीसीएल ने क्षेत्र को असुरक्षित बताते हुए लोगों शिफ्टिंग के लिए अपील की है।
इस नोटिस में साफ-साफ लिखा है कि यह क्षेत्र असुरक्षित है, वर्तमान स्थिति में यहां रहना खतरनाक है। गैस की वजह से जान का खतरा है। प्रबंधन के काफी प्रयासों के बावजूद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। इसलिए लोग फिलहाल इस क्षेत्र में न रहें। बीसीसीएल की ओर से लगाए जा रहे ये नोटिस प्रभावित क्षेत्र के हर घर की दीवारों पर चिपकाया जा रहा हैं, ताकि लोगों को जान माल का नुकसान ना हो।
स्थानीय लोगों ने बीसीसीएल के द्वारा चिपकाए जा रहे पोस्टर का विरोध जता रहे हैं। लोगों का कहना है कि वर्षों से हम यहां रह रहें हैं, बीसीसीएल को गैस रोकने की उपाय करने की जरूरत है ना कि यहां से हटाने की, हर हाल में यह जगह छोड़कर नहीं जाएंगे।




वहीं दूसरी ओर केंदुआडीह में जहरीली गैस रिसाव मामले को लेकर ठअक्र की एक्सपर्ट टीम के साथ डीसी ने महत्वपूर्ण बैठक की। प्रभावित इलाके की लगातार रिपोर्ट और लोगों के विस्थापन को लेकर गंभीरता जताई। डीसी आदित्य रंजन ने ठअक्र की एक्सपर्ट टीम कई निर्देश भी दिए हैं।
डीसी ने कहा कि स्थिति संवेदनशील है और प्रत्येक मिनट का प्रभाव सीधे प्रभावित परिवारों की सुरक्षा से जुड़ा है। जिसे लेकर डीसी ने 2 मजिस्ट्रेट और 40 सुरक्षा बलों की तैनाती प्रभावित क्षेत्रों में करने का आदेश दिया है। निगरानी और व्यवस्था में कोई कठिनाई हो इसके मद्देनजर डीसी के द्वारा सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।
धनबाद डीसी आदित्य रंजन का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों को बेलगड़िया और कमार्टांड़ टाउनशिप में शिफ्टिंग कराया जाना है। शिफ्टिंग का चयन लोग खुद कर सकते हैं।

## नीलाम पत्र वादों से संबंधित आयोजित बैठक संपन्न

संवाददाता




**देवघर :** जिले के अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में नीलाम पत्र वादों से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता श्री कुमार द्वारा जिला में नीलाम पत्र से संबंधित लंबित वादों की जानकारी ली गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सभी लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन कराया जाय। आगे उन्होंने कहा कि नीलाम पत्र वादों का वर्गीकरण कम ऋण देनदार व अधिक ऋण देनदार के आधार पर कराया जाय, ताकि इनके निष्पादन में सुविधा हो साथ ही इनके संख्या में भी कमी लाया जा सके।
इसके अलावे बैठक के दौरान अपर समाहर्ता श्री कुमार द्वारा नीलाम पत्र वादों के नोटिस तामिला के संबंध में निदेश दिया कि यदि देनदार घर पर नहीं मिलते हैं तो उनके घर के मुख्य द्वार/दीवाल पर नोटिस चिपकाया जाय। साथ ही पास-पड़ोस के लोगों के द्वारा नोटिस पर हस्ताक्षर करा लिया जाय। आगे उन्होंने निदेश दिया कि देनदार द्वारा निर्धारित तिथि को सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध वारंट जारी कराया जाय।
अपर समाहर्ता श्री कुमार द्वारा एसबीआई करौं के मामले पर संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया गया कि ऋण लेनदार द्वारा ऋण की सारी राशि का भुगतान कर दिया जाता है तो ऐसे मामले में लेनदार को ससमय अद्यता प्रमाण पत्र (नो ड्यूज सर्टिफिकेट) निर्गत किया जाय। साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा सभी नीलम पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी पंजी क एवं को अद्यतन करते हुए इसका अद्यतन रिपोर्ट इस महीने ले अंत तक जिले में सबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।
बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर राजीव कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर कुमार, प्रभारी पदाधिकारी नीलाम पत्र शाखा ओम प्रियदर्शी, सभी अंचल के अंचलाधिकारी, एलडीएम के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## पुर्णेंदु कुमार बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद के बने आप सचिव

बिनय मिश्रा




बिहार प्रशासनिक सेवा 39 वें बैच के अधिकारी पुर्णेंदु कुमार बिहार सरकार के मंत्री मंडल विस्तार के पश्चात आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद के आप सचिव बनाए गए हैं। बेहतर और उत्कृष्ट अधिकारी के रूप में पहचाने जाने वाले पुर्णेंदु कुमार झारखंड और बिहार के कई मंत्रियों के आप सचिव रह चुके हैं। झारखंड बनने के पश्चात तत्कालीन मंत्री बैद्यनाथ राम एवं मंत्री श्रीमती जोबा मांझी के आप सचिव रहे हैं। इसके पश्चात बिहार सरकार के मंत्री गौतम सिंह, जय कुमार सिंह तथा सुमित कुमार सिंह के भी आप सचिव रह चुके हैं। बिहार विधानसभा 2025 के चुनाव के पश्चात तथा नये सरकार के गठन के पश्चात आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद के आप सचिव बनाए गए हैं। पुर्णेंदु कुमार का बेहतर और उत्कृष्ट प्रशासनिक अनुभव हमेशा कारगर रहा है और इनकी दक्षता को देखते हुए इन्हें ये जवाबदेही सौंपी गई है। विदित हो कि श्री कुमार पश्चिम सिंहभूम जिला के अति सूदूर क्षेत्र बंद गांव प्रखंड में भी प्रखंड विकास पदाधिकारी रह चुके हैं और उनके उत्कृष्ट कार्यों को आज भी प्रखंड वासी याद करते हैं। उक्त समय ब्रजेश मेहरोत्रा पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के उपायुक्त थे तथा चक्रधरपुर अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह थे। श्री मेहरोत्रा बिहार के मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए वहीं राहुल कुमार सिंह बिहार में वरीय आईएएस अधिकारी के रूप में पदस्थापित थे।

## आदित्यपुर स्टेशन पर यात्री सुविधा विस्तार पर रेल जीएम को पत्र

**जमशेदपुर :** आदित्यपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने एवं सुरक्षा का ठोस उपाय करने की मांग पर दक्षिण पूर्व जोन रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अरुण जोशी ने महाप्रबंधक एके मिश्रा को पत्र भेजा है। पत्र में उल्लेख किया गया कि टाटानगर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के दौरान प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव आदित्यपुर में संभावित रूप से बढ़ सकता है। ऐसे में यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। रेलवे सलाहकार समिति सदस्य के जमशेदपुर प्रतिनिधि शशांक शेखर स्वाईं ने आदित्यपुर स्टेशन का निरिक्षण कर यात्री सुविधा में कमी को सूचीबद्ध किया है।

## बागबेड़ा व कीताडीह में भी टाटा की सुविधा मिले : संजीव सरदार

**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा में सोमवार को बागबेड़ा, कीताडीह, घाघीडीह, करनडीह, पुड़ीहासा, केरुवाडूंगरी और ब्यांगबिल पंचायत में टाटा स्टील कंपनी की ओर से सुविधाएं नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया गया। पोटका के विधायक संजीव सरदार ने कहा कि ये सभी इलाके टाटा कंपनी के 3 से 5 किमी परिधि क्षेत्र में आते हैं। इस क्षेत्र में टाटा ग्रुप में काम करने वाले स्थायी, अस्थायी और ठेका मजदूरों की संख्या अधिक है, लेकिन टाटा स्टील की ओर से यहां पेयजल, सफाई और बिजली जैसी स्थायी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं। विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की है कि टाटा स्टील पोटका विधानसभा के बागबेड़ा, कीताडीह, घाघीडीह, करनडीह, पुड़ीहासा, केरुवाडूंगरी और ब्यांगबिल के 20 पंचायतों में रहने वाले लगभग 1 लाख लोगों के लिए सीएसआर के तहत स्थायी नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराए।

## सिविल डिफेंस के विशाखापट्टनम शिविर में शामिल हुए टाटानगर के रेलकर्मी

**जमशेदपुर :** टाटानगर रेलवे और चक्रधरपुर मंडल सिविल डिफेंस के इंस्पेक्टर एवं अन्य वॉलिंटियर विशाखापट्टनम में आयोजित शिविर में शामिल होकर आपदा कार्य का प्रशिक्षण लिया एवं दूसरे रेलवे जोन के कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण दिया है। रेलवे सिविल डिफेंस के इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया विशाखापटनम में आयोजित आउट डोर कैम्प में अपने कर्तव्यो आपदा रेस्क्यू कौशल कला से अधिकारियो और दर्शक को टाटानगर के वॉलिंटियर ने मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें दक्षिण पूर्व रेलवे के उप महाप्रबंधक भी थे। आपदा राहत, टीम वर्क कार्य कौशलता में गार्डनरीच, संतरागाछी, खड़गपुर वर्क शॉप और ओपन लाइन, आद्रा बोकारो रांची और बंडामुंडा के सिविल डिफेंस के अधिकारी और जवानों ने भाग लिया।

## ट्रैकमैन की सतर्कता से टला बड़ा रेल हादसा, डीआरएम ने किया सम्मान्नित




संवाददाता

**जमशेदपुर :** राज खरसावां और महलीमुरुम स्टेशन के बीच एक ट्रैकमैन की सतर्कता से हादसा टल गया। 5 दिसंबर को हादसा टालने वाले ट्रैकमैन की चक्रधरपुर मंडल में प्रशंसा हो रही है। मंडल रेल प्रबंधक ने बन बिहारी महतो और हरियल हेम्ब्रम को सम्मानित किया और उनकी सतर्कता के लिए धन्यवाद दिया ।बताया जाता है कि, रात में लाइन गश्ती ड्यूटी के दौरान आरकेएसएन-एमएमवी के बीच ट्रैकमैन बन बिहारी महतो व हरियल हेम्ब्रम कोई एक जगह खराबी दिखी थी। उन्होंने तुरंत ट्रैक की सुरक्षा की और वेल्ड विफलता वाले स्थान से पहले एक मालगाड़ी को सुरक्षित रूप से रोक दिया। उनकी त्वरित कार्रवाई के कारण, एक संभावित दुर्घटना टल गई। मेंस यूनियन के चक्रधरपुर मंडल संयोजक एमके सिंह ने कहा कि यह ट्रैकमैन का एक सराहनीय कार्य है। दोनों ने खराबी को दूर कर परिचालन बिगड़ने नहीं दिया।

## यह उपलब्धि डॉ.अनिल की कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य का परिणाम है : प्राचार्य

संवाददाता




**साहिबगंज :** कॉलेज के प्राचार्य एस.आर.रिजवी ने रवींद्रनाथ टैगोर स्मृति पुरस्कार 2025 से सम्मानित होने पर डॉ. अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग को हार्दिक बधाई दी ।उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि डॉ.अनिल की कड़ी मेहनत,समर्पण और उत्कृष्ट कार्य का परिणाम है ।डॉ.अनिल ने अपनी उपलब्धियों से न केवल कॉलेज बल्कि एस के एम, यू.विश्वविद्यालय का भी मान बढ़ाया है ।ज्ञातव्य हो कि डॉ.अनिल कुमार को अब तक कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं ।विभिन्न जर्नलों में उनके 100 से अधिक शोधझ्रपत्र प्रकाशित हैं ।साथ ही,वे अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सतत ज्ञानवर्धन करने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं ।डॉ.अनिल कुमार को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार में प्रदान किया गया ।जिसका आयोजन द्वारा किया गया था ।इस अवसर पर डॉ.संजीव सिंह, डॉ.राजीव सिंह, डॉ.आनंद अवस्थी डॉ.डेविड यादव, डॉ.प्रमोद, डॉ.ध्रुव ज्योति सिंह, डॉ.मीरा चौधरी, डॉ.जीसू हांसदा, डॉ.अनूप कुमार शाह,डॉ धर्मेंद्र समेत कई शिक्षकझ्रकर्मचारी उपस्थित थे ।सभी ने डॉ.अनिल कुमार को बुके देकर सम्मानित किया ।डॉ.अनिल कुमार को मिले इस पुरस्कार पर कॉलेज के यूजी एवं पीजी के छात्रझ्रछात्राओं ने भी हर्ष और उल्लास के साथ शुभकामनाएँ दीं ।इसी दौरान प्राचार्य कक्ष में विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं सर्वांगिक विकास, प्रोजेक्ट, डेजर्टेशन, तथा कक्षा एवं शिक्षणझ्रप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु विकास समिति की बैठक भी आयोजित की गई।